दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 24
कोटद्वार शनिवार
13 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# सीबीएसई की इंटरमीडिएट परीक्षा में डीएवी के छात्र संयम बिष्ट ने मारी बाजी

## 97 .6 प्रतिशत अंकों के साथ कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में किया टॉप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में कोटद्वार डीएवी के छात्र संयम बिष्ट ने क्षेत्र में टॉप स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में संयम बिष्ट ने 97.6 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, बलूनी पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेष्ठा चौहान 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10 वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए। परीक्षाओं के बाद छात्र अपने परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सोशल मीडिया में परीक्षा परिणाम जानने के लिए बच्चों में काफी उत्साह बना हुआ था। अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। बच्चों ने अपने गुरुजन व माता-पिता का आशीर्वाद लिया। इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में डीएवी के छात्र संयम बिष्ट ने कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त किया। बलूनी पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेष्ठा चौहान द्वितीय स्थान पर रही।

### नवयुग में प्रियांशु बिष्ट रहा अव्वल



रघुनंदन पटवाल

**कोटद्वार** : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढांक के सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में रघुनंदन पटवाल 93 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त किया। जबकि, प्रिया डबराल 92.2 प्रतिशत, रितेश पटवाल 89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### ब्लूमिंग वेल के आदित्य नेगी ने दसवीं में प्राप्त किए 97 .8 प्रतिशत अंक



ब्लूमिंग वेल का छात्र आदित्य नेगी

**कोटद्वारः** सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में गाड़ीघाट स्थित ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य नेगी ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जबकि, विद्यालय के ज्योतिरादित्य बौंठियाल 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### एमकेवीएन में मानसी व आर्यन रहे अव्वल



आर्यन कुकरेती



मानसी भट्ट

**कोटद्वार** : सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में एमकेवीएन में छात्रा मानसी भट्ट ने 95 प्रतिशत व दसवीं में आर्यन कुकरेती ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया है। इस दौरान विद्यालय से 12वीं में संजय नेगी व पूजा ने 94 प्रतिशत व दसवीं में आंचल गुसाई ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

### गुरु राम राय में रचित व कनिष्क ने लहराया परचम



रचित



कनिष्क

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल की सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में रचित व कनिष्क ने परचम लहराया है। 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ जहां रचित प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ कनिष्क रतूड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### हैरिटज में सारा सिंह व रितिका हिंदवान 97 प्रतिशत के साथ रहे अव्वल



रितिका हिंदवान



रूद्रप्रताप सिंह



मुदित मोहन सिंह रावत



सारा सिंह

कोटद्वार : पुराना सिद्धबली मार्ग स्थित हैरिटज एकेडमी का सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में 12वीं से सारा सिंह व रितिका हिंदवान ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। जबकि, कृष्णा चौहान व स्नीग्ध घिल्डियाल 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय में दसवीं की परीक्षा में रूद्रप्रताप सिंह 98 प्रतिशत अंकों के साथ टापर रहा। वहीं, मुदित मोहन सिंह रावत व वैभव मिश्रा 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे।

## यूपी में चोरी के शक में रेस्टोरेंट मालिक ने युवक को लगाई आग

**लखनऊ , एजेंसी।** एक चौंकाने वाली घटना में, रेस्तरां मालिक ने चोरी का संदेह होने पर पहले एक युवक की पिटाई की और फिर उसे आग लगा दी। पीड़ित की पहचान इलाके के नीलमठ के सुनील राजपूत के रूप में हुई। वह गंभीर रूप से झुलस गया है और उसे हजरतगंज के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिवार का आरोप है कि रेस्टोरेंट से पैसे चोरी होने के शक में उसे प्रताड़ित किया गया।

उसके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि बहराइच के रेस्टोरेंट मालिक बादशाह खान अपने सहयोगियों के साथ उसके घर पहुंचे और सुनील को उठा लिया। पुलिस ने बताया कि,बादशाह और उसके आदमी उसे उठाकर अपने रेस्टोरेंट में ले गए, जहां खान ने सुनील पर पैसे चुराने का आरोप लगाया और उसे डंडे से पीटना शुरू कर दिया। उसे अपना अपराध कबूल करने के लिए मजबूर किया। पीड़िता की बहन प्रीति ने कहा, बदमाश ने उसके शरीर के निचले हिस्से में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। चिल्लाने पर आसपास के लोग घटनास्थल पर इक्के हो गए और सुनील को बचाया, जो तब तक गंभीर रूप से जल चुका था।

## अतीक के वकील ने उसके वित्तीय मामलों को संभाला व शाइस्ता को रिपोर्ट किया

**प्रयागराज, एजेंसी।** मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ 2017 में डॉन के जेल जाने के बाद से ही उसके आर्थिक मामलों को देख रहे थे। उमेश पाल की हत्या की जांच कर रहे अधिकारियों के अनुसार वकील ने कबूल किया है कि वह न केवल डॉन के पैसे के मामलों को संभालता था, बल्कि अवैध रूप से या कानूनी रूप से अर्जित धन को या तो अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन या उसके अकाउंटेंट राकेश को सौंप देता था।खान सौलत हनीफ ने पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान अतीक के आर्थिक साम्राज्य का ब्योरा भी दिया है।उसने पुलिस के सामने अतीक की संपत्ति और व्यवसायियों और बिल्डरों सहित प्रभावशाली लोगों के साथ सांठगांठ का भी खुलासा किया। खान सौलत हनीफ कानूनी या अवैध तरीकों से अतीक द्वारा जमा किए जा रहे पैसे को सौंपने के लिए शाइस्ता के घर जाता था। अतीक के अन्य लोगों के साथ व्यावसायिक संबंध का पता लगाने के लिए पुलिस महत्वपूर्ण दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

## 25 मई से 4 जून तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स ग्रेटर नोएडा में

ग्रेटर नोएडा । उत्तर प्रदेश सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन करने जा रही है और यह ग्रेटर नोएडा के स्टेडियम और गौतमबुद्ध नगर यूनिवर्सिटी में होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शुरुआत 25 मई को होगी और यह 4 जून तक चलेगा। इस आयोजन में देश भर के छात्र हिस्सा लेंगे। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचकर एसीएस नवनीत सहगल ने तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा यह प्रदेश और ग्रेटर नोएडा के लिए सौभाग्य की बात है इतने बड़े गेम्स का आयोजन यहां किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर उन्होंने सेलेक्ट एजेंसी और अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस आयोजन को लेकर कोई भी कोर कसर नहीं छोड़नी है और सबसे बड़ी बात है कि चयनित एजेंसी के साथ मिलकर अधिकारियों को काम करना है

## इमरान खान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, इस्लामाबाद में दर्ज सभी केसों में मिली जमानत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को अल–कादिर ट्रस्ट मामले समेत सभी मामलों में जमानत दे दी है। कोर्ट ने 17 मई तक इमरान खान की गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। कार्यवाही के दौरान इमरान खान ने अपनी गिरफ्तारी के बाद देश भर में अशांति फैलने की चेतावनी दी थी।

जियो न्यूज के मुताबिक, सुनवाई के पहले सत्र में इस्लामाबाद हाईकोर्ट की दो सदस्यीय विशेष खंडपीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में नारे लगाए जाने के तुरंत बाद खान की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित करते हुए कोर्ट रूम छोड़ दिया।पाक सुप्रीम कोर्ट द्वारा अल–कादिर ट्रस्ट मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार दिए जाने के एक दिन बाद इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान की जमानत याचिका पर विचार किया। जब खान से सवाल किया गया कि या उन्हें गिरफ्तार होने की उम्मीद थी? इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि मैं 100 प्रतिशत निश्चित था कि मुझे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उत्तराखण्ड में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं : सीएम

- उत्तराखण्ड में जल्द होगा इन्वेस्टर समिट का आयोजन
- राज्य में औद्योगिक विकास के लिए सरकार कर रही हर संभव प्रयास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : राज्य सरकार का प्रयास है कि हमारे औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों से लगातार संवाद बना रहे, जिससे सभी समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके। राज्य में जल्द ही इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जायेगा। इन्वेस्टर समिट के ब्रांड एम्बेसडर भी हमारे औद्योगिक जगत से जुड़े लोग हैं। राज्य में औद्योगिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य में औद्योगिक विकास हेतु अनुकूल माहौल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को होटल रेडिसन ब्लू रुद्रपुर में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक में सभी उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नीति में उद्योगपतियों के सुझावों को शामिल किया गया है। उत्तराखण्ड में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य एवं बेहतर मानव संसाधन उद्योगपतियों को उत्तराखण्ड की ओर आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं, इन सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। कहा कि राज्य में औद्योगिक संस्थानों का तेजी से विकास हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अभी युवा राज्य है। सीमित संसाधन होने के बावजूद भी राज्य के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। कहा कि राज्य में सीएसआर के लिए एक सेल बनाया गया है। औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों एवं संस्थानों से राज्य को सीएसआर फंड से सहयोग देने की भी मुख्यमंत्री ने अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक भवनों की ऊंचाई और बढ़ाई जायेगी। सिडकुल की सड़के बनाई जायेंगी और धीरे-धीरे अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया गया है तथा औद्योगिक क्षेत्रों सहित सभी जगह से अतिक्रमण हटाया जायेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण श्रेणी का सरलीकरण करते हुए प्रयास किया जाएगा कि व्हाइट श्रेणी में आने वाले उद्योगों को एनओसी न लेनी पड़े। उन्होंने कहा कि सोप स्टोन रॉयल्टी कम की गई है। प्रभावी लीसा नीति हेतु हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों की लीसा नीतियों का परीक्षण कराते हुए लीसा नीति का भी सरलीकरण किया जाएगा।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रपुर में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक को संबोधित करते हुए।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक आस्थानों में पुराने विद्युत सब स्टेशन्स पर लोड की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार सब स्टेशनों को अपग्रेड किया जाये तथा औद्योगिक आस्थानों से अलग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों के लिए अलग से फीडर होना चाहिए।

बैठक में विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, मुख्य सचिव डॉ. एसएस सन्धु, अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली, पंकज पाण्डे, रंजीत सिन्हा, दीपेन्द्र चौधरी, हरि चन्द्र सेमवाल, मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर सचिव मुख्यमंत्री जगदीश चन्द्र काण्डपाल, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, गुंजन सुखीजा, उद्यमि दुर्गेश मोहन, रमेश चन्द्र, मनोज दागा, अनुज सिंघल, राजीव गुप्ता, एलएम बिष्ट, आशुतोष शर्मा, आर मिड्ढा, विनीत सांगल, अशोक बंसल, डीसी बिष्ट, अमित सिंह, दिलीप सिंह खेतवाल, हरिओम अग्रवाल सहित अन्य उद्यमि व अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस को कर्नाटक के नतीजों से गहलोत–पायलट जंग में सुलह का रास्ता निकलने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ खुली सियासी जंग में उतर चुके सचिन पायलट के इस बार आर–पार के तेवरों से परेशान कांग्रेस नेतृत्व सुलह का रास्ता निकालने की एक और कोशिश करेगा। पार्टी की ओर से संकेत दिए गए हैं कि कांग्रेस हाईकमान कर्नाटक चुनाव के शनिवार को आने वाले नतीजों के बाद गहलोत और पायलट के बीच समाधान का फार्मूला निकालने की नए सिरे से पहल शुरू होगी।

इसमें कर्नाटक फार्मूले का उदाहरण देते हुए राजस्थान के दोनों पार्टी दिग्गजों को आपसी दुश्मनी को किनारे रख राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करने के लिए समझाने का प्रयास भी होगा। पार्टी के उच्चपदस्थ सूत्रों ने गहलोत–पायलट के बीच चल रही ताजा खुली जंग को लेकर अनौपचारिक चर्चा में कहा कि बेशक सचिन पायलट का अपनी ही राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरना गैर जिम्मेदाराना है। इस कदम से पार्टी नेतृत्व भी असहज और नाखुश है। लेकिन यह भी सच्चाई है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पायलट के प्रति रूख भी उतना ही गैर जरूरी



है। कांग्रेस के अंदरूनी गलियारों में यह माना जा रहा कि गहलोत भी कई मौकों पर पायलट को उकसाने और दूर धकेलने के प्रयास कर रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री को भलि–भांति यह मालूम हे कि हाईकमान राजस्थान में चुनाव से पहले नेतृत्व परिवर्तन जैसा कोई कदम नहीं उठाने वाला ओर उनकी कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी पायलट को उकसाने की उनके कदमों से जाहिर है कि मुख्यमंत्री निजी दुश्मनी की हद तक जाकर मामले को जटिल बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

कांग्रेस हाईकमान इसीलिए भी गहलोत के इस रवैये को अनुचित मान रहा है कि पायलट से चल रही तनातनी के बीच राजस्थान में उनके नेतृत्व को लेकर किसी भी तरह के संशय को न केवल पहले ही खत्म कर दिया गया है बल्कि गहलोत सरकार की उपलब्धियों को भी कांग्रेस अपने प्लेटफार्म से बताने से गुरेज नहीं कर रही है।

## यौन उत्पीडऩ मामले में दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया डब्ल्यूएफआई चीफ बृजभूषण शरण सिंह का बयान

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने एक अदालत को सूचित किया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडऩ के आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल की राउज एवेन्यू अदालत में लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि मामले में एक सीलबंद कवर के तहत एक स्थिति रिपोर्ट दायर की गई है और इसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि मामले में यौन अपराध शामिल हैं।एसआईटी टीम में एक महिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सहित 10 अधिकारी हैं। अधिकारी ने कहा, महिला पहलवानों द्वारा दायर शिकायतों के आधार पर विभिन्न राज्यों से जानकारी एकत्र करने के लिए टीम का गठन किया गया है।

## ज्ञानवापी केसः एएसआई करेगी सर्वे में मिली शिवलिंगनुमा आकृति की कार्बन डेटिंग

**प्रयागराज, एजेंसी** । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिली शिवलिंगनुमा आकृति की कार्बन डेटिंग व साइंटिफिक सर्वे की मांग में दाखिल याचिका स्वीकार कर ली है। आर्कीलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएस–आई) को बिना क्षति पहुंचाए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्र ने लक्ष्मी देवी व अन्य की याचिका पर दिया है।

वाराणसी की अधिनस्थ अदालत ने सुप्रीम कोर्ट की यथास्थिति कायम रखने के आदेश की वजह से कार्बन डेटिंग कराने से इन्कार कर दिया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने वाराणसी जिला



अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। याचियों की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने पक्ष रखा। जबकि, ज्ञानवापी मस्जिद की तरफ से एसएफए नकवी ने बहस की। सरकार का पक्ष अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी व मुख्य स्थायी अधिवक्ता बिपिन बिहारी पांडेय, काशी विश्वनाथ की तरफ से विनीत संकल्प उपस्थित रहे।कोर्ट ने भारत सरकार के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह से पूछा था कि क्या शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बगैर कार्बन डेटिंग की जा सकती है। क्योंकि, इस जांच से शिवलिंग की आयु का पता चलेगा। एएसआई ने कहा था कि बिना क्षति पहुंचाए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की जा सकती है।

इस पर कोर्ट ने एएसआई से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। एएसआई ने शुक्रवार को 52 पन्ने की रिपोर्ट प्रस्तुत की।जिसमें आईआईटी रूड़की, कानपुर, लखनऊ स्थित बीरबल साहनी तकनीकी संस्थान सहित कुल चार संस्थानों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इन संस्थानों के विशेषज्ञों के अनुसार शिवलिंगनुमा आकृति की जगह उससे सटे पत्थरों के कुछ टुकड़ों को लेकर इसकी जांच की जा सकती है। इसके अलावा साइट सर्वे के दौरान जांच के और भी तरीके अपनाए जा सकते हैं, जिससे कथित शिवलिंग को क्षति नहीं होगी।इसके पहले मामले में ज्ञानवापी परिसर की 16 मई 22 की कमीशन कार्यवाही के दौरान मिली शिवलिंगनुमा आकृति का साइंटिफिक सर्वे एएसआई से कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल वाद जिला अदालत वाराणसी ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया है।

# ग्रास रूट स्तर पर योजनाओं का लाभ हर छात्र को मिलें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विद्यालयी शिक्षा के अधीन संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने निर्देश दिए कि स्कूली नौनिहालों की बेहतरी के लिए ग्रास रूट स्तर पर योजनाओं का लाभ हर छात्र को मिलना चाहिए। उन्होंने इसके लिए प्रभावी निरीक्षण एवं अनुश्रवण के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि कोई भी विद्यालय शिक्षकों के अभाव में बंद न रहे और माकूल माहौल में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन होता रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निपुण भारत मिशन के तहत प्रकाशित कलैंडर का भी विमोचन किया। जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण सस्थान के गत वर्ष के कार्यक्रमों की प्रगति पीपीटी के माध्यम से जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य डायट एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए की डायट की चाहरदीवारी के लिए संयुक्त निरीक्षण कर तत्काल आंकलन तैयार करें। समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालय स्तर पर स्कूली छात्रों को वितरित किए जाने वाले जूते, बैग निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण की पूरी जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को देय हर संसाधनों का विद्यालय स्तर पर भरपूर उपयोग होना चाहिए, इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ प्रभावी अनुश्रवण करना होगा। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की लाईब्रेरी हेतु पाठ्य पुस्तकों के चयन के लिए जनपद स्तर पर चयन समिति गठित करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया जाए। इसके साथ ही पीएम श्री योजना के तहत राप्रावि रुद्रप्रयाग के स्थान पर अन्य विद्यालयों को चयनित करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि जिले में 20049 छात्र-छात्राओं को मध्याहन भोजन परोसा जा रहा है, जिसमें 1034 भोजन माताएं कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना के तहत सप्ताह में 2 दिन फोर्टिफाइट मीठा सुगंधित दूध उपलब्ध कराया जाता है। भोजन की गुणवत्ता के लिए कराए गए फूड टेस्टिंग एवं सोशल ऑडिट का भी प्रस्तुतीकरण बैठक में दिया गया। बैठक में ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हितेशपाल, उप शिक्षा अधिकारी नंदा चंद्रा, जिला समन्वयक आशुतोष गौड़, पीएम पोषण प्रभारी वीरेंद्र कठैत, जिला समन्वयक संगीता रावत आदि उपस्थित थे।

## सिविल सर्विस और इंजीनियरिंग की तैयारी में जुटे टॉपर

रुड़की। शुक्रवार को सीबीएसई के बोर्ड परीक्षा परिणाम आए तो टॉपर आगे की तैयारी में जुट गए। ये बच्चे सिविल सर्विस, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। सीबीएसई के स्कूलों में रिजल्ट की सूचना के बाद छात्र-छात्राएं पहुंचने लगे। जैसे-जैसे रिजल्ट आते गए मेधावियों के चेहरे पर मुस्कराहट आती रही। वह अपने दोस्तों का रिजल्ट देखने के लिए भी उत्साहित रहे। मेधावियों ने शिक्षकों और माता-पिता का आशीर्वाद लिया। 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मार्क सैमुएल आगे चल कर इंजीनियर बनना चाहते हैं। वह कहते हैं कि कभी पढ़ाई के घंटे निश्चित नहीं किए, लेकिन यह जरूर रहा कि टाइम मैनेजमेंट इस तरीके से किया, जिससे सब्जेक्ट को आसानी से पढ़ पाएं। उनका कहना है कि कोविड में आनलाइन पढ़ाई होती थी।

## मेवाड़ को पुण्यतिथि पर याद किया

रूद्रप्रयाग। नागेन्द्र इंका बजीरा लस्या रुद्रप्रयाग द्वारा शुक्रवार को पूर्व प्रधानाचार्य स्व. जयेन्द्र सिंह मेवाड़ की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रधान विजेन्द्र सिंह मेवाड़ ने की। स्व. मेवाड़ की धर्मपत्नी सेवानिवृत्त शिक्षिका सुशीला मेवाड़ ने पुण्यतिथि पर नागेन्द्र इंका बजीरा के छात्र छात्राओं को तिथि भोज दिया। मौके पर उप प्रधानाचार्य रतनमणी काला, बीरेंद्र सिंह राणा, शोवेन्द्र शाह,राजेन्द्र सिंह राणा सहित आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।एसएसपी ने कहा कि बीते दिनों श्रीनगर स्थित होटल में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। जिसमें पुलिस ने मामले की जांच के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंखाली तो पचा चला कि सीसीटीवी में डीवीआर ही नहीं है। जिस पर कप्तान ने अब नई गाइडलाइन जारी करते हुए सभी सीसीटीवी धारकों को अनिवार्य रूप से डीवीआर लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी का पूरा सेटअप नहीं पाया गया तो पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कप्तान ने कोटद्वार, श्रीनगर, लैंसडोन और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में सीसीटीवी पूरे सेटअप के साथ अनिवार्य रूप में लगाने को कहा है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने ऋइम बैठक की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के सभी थानों और चौकियों में ऋइम की समीक्षा की गई। कहा कि जनपद में कोटद्वार और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में ऋइम का ग्राफ अन्य थाना और चौकियों की अपेक्षा अधिक है। लिहाजा इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने को कहा गया है।

# उपभोक्ता आयोग ने 19.60 लाख के भुगतान के दिए आदेश

नई टिहरी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सिलेंडर फटने से हुई दुर्घटना व नुकसान के मामले में शिकायतकर्ता राकेश सकलानी को विपक्षी गणों को कुल 19 लाख 60 हजार की धनराशि भुगतान करने के निर्देश दिये हैं।

यह जानकारी देते हुए उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य विनोद रतूड़ी व गीतांजलि सजवाण ने समाचार एजेंसी आरएनएस को बताया कि कि जिला जज योगेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोग ने यह फैसला उपभोक्ता के पक्ष में दिया है। जिसमें इंडेन गैस सर्विस शाखा चंबा व क्षेत्रीय प्रबंधक इंडियन आयल देहरादून को 17 लाख की धनराशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने व इसके के साथ शिकायतकर्ता को वाद परिव्यय के लिए 10 हजार रुपये व मानसिक व शारीरिक कष्ट के लिए 50 हजार रुपये देने के आदेश दिये हैं। जबकि प्रबंधक आईसीआईसीआई जनरल इंश्योरेंस मुम्बई को शिकायतकर्ता को 2 लाख रुपये की धनराशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने के आदेश जारी किये हैं।

रतूड़ी ने बताया कि जनपद के ग्राम खुरेत के रहने वाले राकेश सकलानी पुत्र स्व परमानंद सकलानी ने बीती 4 अक्टूबर, 2018 को शिकायत दर्ज कर बताया था कि उसके पास इंडेन का गैस कनेकशन संख्या सीएच 5231 है। 30 मई, 2018 को गैस सिलेंडर ऐजेंसी से भरकर घर ले गया। खाना बनाने के लिए सिलेंडर इस्तेमाल कर रहा था, उसी दौरान गैस सिलेंडर फट गया। जिससे उसका घर टूटने के साथ ही सारा सामन जल गया और भैंस भी झुलस गई। गैस फटने से लगभग 50 लाख का नुकसान हुआ। जिसके बाद उसकी हालत आर्थिक रूप से बेहद खराब हो गई। ऐजेंसी से प्रतिकर देने की मांग की गई, तो ऐजेंसी ने भुगतान देने का आश्वासन तो दिया, लेकिन कई तरह के बहाने बनाते हुए इसे टालता गया।

## बाल सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करें: आनंद

उत्तरकाशी । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के सदस्य डॉ.आरजी आनंद ने थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। साथ ही बाल सुरखा के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस को बाल सुरक्षा अधिकारों को लेकर स्थानीय लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला मुख्यालय उत्तरकाशी पहुंचे एनसीपीसीआर के सदस्य डा. आरजी आनंद ने थाना कोतवाली का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पंजिका,बाल मित्र,गौरा शक्ति एप और पोस्को एक्ट पंजिका का अवलोकन किया और पुलिस से महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने थाना पर लगे सीसीटीवी कैमरे एवं रिकार्ड रूम को भी देखा। कहा कि बाल अधिकारों के बारे में जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। ताकि बाल विवाह, बाल मजदूरी व अन्य उत्पीड़न के मामलों में प्रभावी रोकथाम लगाई जा सके।

# निरीक्षण के दौरान 110 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए



नई टिहरी। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग का यात्रा रूटों पर खाद्य पदार्थों की जांच, परीक्षण व जागरूकता कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को मुख्यालय व जिले की संयुक्त टीम ने पीपलडाली, चमियाला, घनसाली व चंबा में 110 खाद्य पदार्थों के नमूने परीक्षण के लिए लेते हुए मोबाइल लैब वैन से मौके पर ही नमूनों के परिणाम जारी कर खाद्य पदार्थों को लेकर जागरूक किया। 110 नमूनों में खाद्य पदार्थों के 20 नमूने अधोमानक पाये गये। मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर खाद्य कारोबारियों को चेताने का भी काम किया।

चारधाम यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत व स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश के निर्देश पर जनपद टिहरी के यात्रा रूटों पर वैन के साथ गठित संयुक्त टीम निरंतर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के निरंतर विशेष निरीक्षण अभियान चलाये हुये है। जिसमें आलाधिकारी खाद्य पदार्थों को की मौके पर ही जांच कर जागरूक करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी चला रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम के तहत निरीक्षण अभियाल ने दौरान खाद्य संरक्षा विभाग के अधिकारियों ने चमियाला के श्रीकोट में स्थित अजय भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में तीन सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को सुरक्षित भोजन व खाद्य लेबल पढ़ने की आदत डालने की जानकारी दी। छात्रों को जंकफूड से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी। स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की हिदायत दी। मुख्यालय उपायुक्त जीसी कंडवाल व जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने समाचार एजेंसी आरएनएस को बताया कि 110 खाद्य पदार्थों के नमूने लिय गये। जिनमें अधोमानक पाये गये 20 नमूनों में मसाले के 10, दाल के 5 व मिठाई के पांच हैं। निरीक्षण के दौरान मिलावटी खाद्य सामग्री से बचने की हिदायत भी दी गई। मोबाईल लैब की मदद से खाद्य पदार्थों के नमूनों को विश्लेषण जागरूकता के लिए निरंतर किया जा रहा है। इसके बाद भी यदि खाद्य कारोबारी मिलावटी खाद्य सामग्री के कारोबार में लिप्त पाये गये। तो लीगल नमूनों की कार्यवाही जायेगी। जिसमें नमूने फेल होने पर सक्षम न्यायलय में विधिक कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा। निरीक्षण अभियान में खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के मुख्यालय उपायुक्त जीसी कंडवाल, जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा, कनिष्ठ विश्लेषक मोहित कुमार, एफडीए विजिलेंस संजय नेगी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद बाहर निकाला

रुडकी। ऋषिकेश से दिल्ली लौट रहे एक अधिवक्ता की कार अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरी। अधिवक्ता ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद पुलिस ने अधिवक्ता को सकुशल बाहर निकाला। क्रेन से उनकी कार को भी बाहर निकाला गया। अधिवक्ता ने पुलिस की सराहना की।

दिल्ली निवासी शशांक राय ने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि वह ऋषिकेश से दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार मोहम्मदपुर झाल के पास अनियंत्रित होकर 15 फीट गहरे नाले में गिर गई। वह काफी मशक्कत के बाद कार के अंदर से निकलकर ऊपर बैठ गए। सूचना पर कोतवाली प्रभारी मनोज मैनवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने करीब तीन घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अधिवक्ता को बाहर निकाला।

### सर्वज्ञ में रश्मि को मिले 94.2 फीसदी अंक

रुड़की। सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परिणाम में सर्वज्ञ पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इसमें विज्ञान वर्ग में रश्मि प्रजापति ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम पाया। कामर्स वर्ग में स्नेहा अग्रवाल ने 92.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, वेदांत चौहान ने 90.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय और कला वर्ग में मनीष ने 80.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पाया। विद्यालय के चेयरमैन महीपाल सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी गोपाल पुरी, प्रधानाचार्य विकास भाटिया ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दो माह की बच्ची को लेकर फरार पिता, गिरफ्तार

रुडकी। पत्नी से झगड़े के बाद पति दो माह की बच्ची को लेकर फरार हो गया। छह दिन तक वह घर नहीं आया। पत्नी ने किसी तरह उससे संपर्क किया तो वह वापस आया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। बरेली निवासी एक युवती रामपुर चुंगी क्षेत्र में रहने आई थी। युवती का पहले पति से तलाक हो गया था। पड़ोस में रहने वाले एक युवक से उसने प्रेम विवाह किया।

# देहरादून में 65 फीसदी पद खाली, काम के बोझ से दबीं नर्सें तनाव में



देहरादून। सरकारी अस्पतालों में सेवा, समर्पण और संवेदना के साथ नर्सिंग स्टाफ मरीजों की सेवा में जुटी हैं। फ्लोरेंस नाइटेंगल से लेकर मदर टेरेसा जैसे भाव से मरीजों को नया जीवन दे रही हैं। कोरोनाकाल में इन्होंने डर के बीच जज्बे से हजारों मरीजों को नया जीवन दिया। जिला अस्पताल में 65 फीसदी पदों के खाली होने से उन पर बेहिसाब काम का बोझ है। जिला अस्पताल में गायनी विंग में सबसे ज्यादा, पीएनसी वार्ड बंद करा दिया है। सर्जिकज में ही मर्ज करा रखा है। आईसीयू की प्रभारी नहीं है। निक्कू भी नहीं चल रहा है। ओटी में कई समस्याएं हैं।

दून अस्पताल में भी 17 फीसदी स्टाफ की कमी बनी है। यहां आउटसोर्स के स्टाफ से काम चला रहे हैं। गायनी में एक नर्सिंग स्टाफ के भरोसे 30 से 40 मरीज रहते हैं। 13 हजार के वेतन और वह भी समय से नहीं मिलने से आउटसोर्स में निराशा का भाव है। दून में कई ओटी एवं आईसीयू के संचालन में दिक्कत है। प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने कहा कि गायनी में पुरूष से स्टाफ दे रहे हैं। नियमित भर्तियां होने वाली है। उधर, कोरोनेशन से डिमांड डीजी हेल्थ को भेजी है।

ये है स्थिति

दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिप्टी नर्सिंग सुपरीटेंडेंट के पांचों, असिस्टेंट नर्सिंग सुपरीटेंडेंट के 12 में से 11, मैटर्न का एक, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के 50 से 25 पद खाली है। नर्सिंग ऑफिसर के 344 पदों के सापेक्ष 320 की तैनाती है, इनमें से 205 आउटसोर्स एवं उपनल से है। जिला अस्पताल कोरोनेशन में आईपीएचएस मानक के तहत 135 नर्सिंग स्टाफ होना चाहिए। लेकिन महज 35 फीसदी यानि 48 स्टाफ है।

नर्सेज संघ की प्रांतीय अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला, महामंत्री कांति राणा का कहना है कि जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज कहीं पर भी स्टाफ पूरा नहीं है। एक नर्सिंग स्टाफ को 30 से 40 मरीजों की जिम्मेदारी भी उठानी पड़ती है। जिससे उनको तनाव रहता है। आउटसोर्स पर कम वेतन में स्टाफ कम मिल रहा है, एक्सपर्ट स्टाफ नहीं मिलता। 2700 पद खाली है, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में भर्तियां जल्द पूरा कराने की मांग की गई है।

ये हैं मानक

गैर शैक्षिक संस्थान में तीन मरीज पर एक नर्स, सामान्य अस्पताल में दस बेड पर एक नर्स, आईसीयू प्रति बेड के हिसाब से अस्पताल में तैनाती हो, वेंटीलेटर यूनिट में हर बेड पर एक नर्स अनिवार्य, डे केयर वार्ड में एक नर्स होना अनिवार्य.

## भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर हेतु अस्थाई लिपिक की नियुक्ति हेतु आवेदन

देहरादून। ले0 कर्नल जी0एस0चन्द (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला सैनिक कल्याण एं पुर्नवास कार्यालय, देहरादून द्वारा भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर हेतु अस्थाई (11 माह अंशकालीय रूप से) तौर पर लिपकीय कार्य हेतु 01 लिपिक–कम–टाइपिस्ट की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। रिक्तियों की कुल संख्या 01 है, जिनमें अनिवार्य आर्हता–सेना के तीनों अंगों (आर्मी, नेवी एवं एयरफोर्स) से अवकाश प्राप्त जे.सी.ओ रैंक तक के या उनके समकक्ष पद धारक जो सेना से लिपिक पद से अवकाश प्राप्त हो, पंजीकरण– आवेदक का पंजीकरण उत्तराखण्ड के किसी भी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशित होने से पहले पंजीकृत होना अनिवार्य है, आयु– आवेदक की आयु 01 मई 2023 को 45 वर्ष से अधिक न हो, मूलनिवासी– आवेदक को उत्तराखण्ड का मूल निवासी होना आवश्यक है, नियुक्ति का प्रकार– अस्थाई 11 माह अंशकालीय, चरित्र सैन्य सेवा में– आवेदक का चरित्र अनुकरणीय या बहुत अच्छा होना अनिवार्य है, शारीरिक स्वस्थता सैन्य सेवा में– आवेदक चिकित्सीय तौर पर स्वस्थ एवं तक ही मान्य, दक्षता–आवेदक को कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंगेंजी टाईपिंग, एम.एस आफिस, पावर प्वांइट एवं एक्सल का ज्ञान होना आवश्यक है। आवेदक पत्र निर्धारित प्रारूप पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय देहरादून में 25 मई 2023 सांय 3 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत दस्ती के माध्यम से जमा करा सकते है।

## डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया

देहरादून। जी–20 सम्मेलन की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्था बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने आज जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट, रानीपोखरी एवं जौलीग्रांट से बड़कोट रेंज तक स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट पर साज–सज्जा के साथ सफाई व्यवस्था एवं एयरपोर्ट परिसर में सम्पादित किये जा रहे उद्यान कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जौलीग्रान्ट से देहरादून–ऋषिकेश मार्ग पर सड़क निर्माण कार्यों तथा एमडीडीए द्वारा कराए जा रहे उद्यान एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि दुकानों पर लगने वाले बोर्ड एवं फसाड में एकरूपता रहे। साथ ही निर्देशित किया कि सड़क किनारे लगे अनावश्यक होर्डिंग को हटाया जाए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वन क्षेत्र में सड़क किनारे सफाई एवं पातन हटाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश राहुल गोयल, संयुक्त सचिव एमडीडीए रजा अब्बास, उप जिलाधिकारी डोईवाला शैलेन्द्र सिंह नेगी, ऋषिकेश सौरभ असवाल, तहसीलदार डोईवाला मौ0 शादाब, अधि0अभि लोनिवि धीरेन्द्र सिंह, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आरसी तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित वन विभाग सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवती का मोबाइल छीन ले गए दुपहिया सवार

देहरादून। मातावाला बाग में पैदल जा रही युवती का बाइक सवार तीन युवक मोबाइल छीन ले गए। घटना आठ मई शाम करीब छह बजे की है। शहर कोतवाल विद्याभूषण नेगी ने बताया कि गुरुवार को लड़की के पिता अनिल कुमार निवासी सहारनपुर रोड ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि मातावाला बाग से केशव रोड की तरफ जाते हुए घटना हुई। एक स्कूटर पर सवार होकर तीन युवक आए। उनमें एक झपाटा मारा और मोबाइल ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कनक चौक पर तड़के तीन बजे गिरा पेड़ फायर टीम ने हटाया

देहरादून। कनक चौक पर परेड ग्राउंड के पास शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे यूके लिप्टस का बड़ा पेड़ भरभराकर सड़क गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग की दोनों लेन बंद हो गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एफएसओ देहरादून सुनील दत्त तिवारी ने बताया कि लीड फायर मैन प्रभाकर डबराल, फायरमैन दिवाकर व महेश सेमवाल चालक सुनील रावत संग लकड़ी काटने के स्वचालित उपकरण लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कुछ ही मिनट में पेड़ को काटकर सड़क से हटा दिया। इसके बाद मौके पर यातायात सुचारू हो गया। गनीमत रही कि पेड़ तड़के गिरा। इस दौरान यहां से कोई वाहन नही गुजर रहा था। दिन के वक्त गिरा होता तो यहां ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। इसमें कोई चपेट में आ सकता था। पेड़ गिरा होने के दौरान भी कोई वाहन तेज गति में आता तो यहां बड़ा हादसा हो सकता था।

## 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

देहरादून। सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने अवगत कराया है कि 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निस्तारित किये जाने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय वाद, राजस्व सम्बन्धित वाद, धारा 138 एन.आई.एक्ट से सम्बन्धित वाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामलें (अशमनीय मामलों को छोड़कर ), मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद, वेतन–भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित वाद, वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालयों के वाद (विवाह–विच्छेद को छोड़कर ), धन वसूली से सम्बन्धित वाद, श्रम सम्बन्धित वाद, अन्य ऐसे मामले जो सुलह–समझौते के आधार, भूमि अर्जन के वाद पर निस्तारित हो सके। अवगत करया कि जो पक्षकार अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है, वह सम्बंधित न्यायालय, जहाँ उनका मुकदमा लम्बित है, में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थनापत्र देकर अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये नियत करवा सकते हैं। उक्त लोक अदालत में आपसी रजामन्दी से वादों का निस्तारण किया जाता है तथा काफी कम खर्चे व समय पर वाद निस्तारित हो जाते हैं, जिससे समाज का गरीब वर्ग भी अपने वादों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में निस्तारित कर लाभान्वित होते हैं। लोक अदालत में निस्तारित वादों में पक्षकारों को यह भी फायदा मिलता है कि न्याय शुल्क वापस हो जाता है तथा इसका फैसला अंतिम होता है।

सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने अवगत कराया कि इसके अतिरिक्त मा0 उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा एक बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन स्थान– एकलव्य मॉडल, रेजीडेंशियल स्कूल कालसी, देहरादून, उत्तराखण्ड के परिसर में 14 मई 2023 (रविवार) को समय प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है। उक्त शिविर बहुउद्देशीय प्रकृति का है, जिसमें मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल के वरिष्ठ न्यायाधीश एवं उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के कार्यपालक अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति मनोज तिवारी जी, मा0 जिला न्यायाधीश, जनपद देहरादून, जनपद देहरादून के अन्य न्यायाधीशगण द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा,

# घरेलू सिलेंडर में लोगों को ऐसे लग रहा है चूना, डोर–टू–डोर डिलीवरी में कम मिल रही गैस



देहरादून। रसोई गैस सिलेंडर की डोर–टू–डोर डिलीवरी में उपभोक्ताओं को चूना लगाया जा रहा है। दरअसल, डिलीवरी देने आ रहे एजेंसी के कर्मचारी बिना तौले सिलेंडर दे रहे हैं। कई बार डिलीवरी के समय उनके पास तौल कांटा नहीं होता। जबकि, नियमानुसार एजेंसी को तौलकर ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर देना होता है।

रसोई गैस सिलेंडर की ऑनलाइन सर्विस शुरू होने के बाद अधिकतर लोग सहूलियत के लिए डोर–डू–डोर सर्विस से ही सिलेंडर मंगवाते हैं। बुकिंग के एक–दो दिन में एजेंसी की ओर से सिलेंडर डिलीवर कर दिया जाता है। जब घर के दरवाजे तक गैस पहुंचती है तो लोग इसका कम ही ख्याल ख्याल रखते हैं कि सिलेंडर में पर्याप्त गैस है भी या नहीं।

इसका मुख्य कारण यह भी है कि एजेंसी के कर्मचारी अपने साथ तौल कांटा लेकर नहीं आते। यदि होता भी है तो वो वाहनों में पड़ा रहता है। बंजारावाला के प्रशांत सिंह ने एक निजी कंपनी से गैस की ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। गुरुवार सुबह डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर लेकर घर पहुंचा। प्रशांत ने सिलेंडर उठाकर देखा तो गैस कम होने की आशंका हुई।

उन्होंने डिलीवरी वाले से सिलेंडर तौलने को कहा, लेकिन उसके पास तोल कांटा ही नहीं था। नियमानुसार, तौल कांटा रखना जरूरी है। आरोप लगाया कि सिलेंडर में गैस कम होती है, इसलिए डिलीवरी वाले तौल कांटा साथ नहीं रखते। 1122 रुपये है एक सिलेंडर की कीमत दून में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1122 रुपये है। इसका वजन 14.2 किलोग्राम होता है।

यानी एक सिलेंडर में एक किलो गैस की कीमत लगभग 80 रुपये है। यदि सिलेंडर में 500 ग्राम गैस भी कम निकलती है तो उसकी कीमत तकरीबन चालीस रुपये बनती है। ऐसे में यदि दस सिलेंडर से 500 ग्राम गैस निकाली जाए तो इसकी कीमत चार सौ रुपये बनती है। लिहाजा, उपभोक्ताओं के लिए जरूरी है कि वो सिलेंडर तोलकर ही लें।

गैस एजेंसियों की ओर से डिलीवरी देने वालों को सिलेंडर तौलने और जांचने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। लेकिन, यदि कोई लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाती है। उपभोक्ता ऐसे मामलों में आईओसी से शिकायत कर सकते हैं।

चमन लाल, अध्यक्ष–ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन, उत्तराखंड सर्किल

## सत्यप्रकाश ढौडियाल को मिली नगर संयोजक की जिम्मेदारी

**कोटद्वार** : हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सत्यप्रकाश ढौंडियाल को नगर संयोजक की जिम्मेदारी दी गई।

पदमपुर स्थित कार्यालय में जिला संयोजक सौरभ गोदियाल एवं जिला सह संयोजक प्रीतम नेगी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में समाज में लव जेहाद, भूमि जेहाद व नशाखोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे आम जन को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान भी तेज किया जाना चाहिए। मौके पर सत्यप्रकाश ढौंडियाल को सर्वसम्मति से नगर संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में कमल कोटियाल, सत्यपाल सिंह, आनंद गोस्वामी, कपिल राज निषाद, रेखा, मीना, रघुवीर सिंह और जतिन रावत सहित मंच के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# 16 गढ़वाल राइफल्स लगातार तीसरी बार बनी चैंपियन

### एंजेल को टॉप स्कोरर, विकास को बेस्ट गोलकीपर, तुषार को मिला सर्वोच्च खिलाड़ी का पुरस्कार



16 गढ़वाल राइफल्स की टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर लैंसडौन द्वारा सन 1905 से अयोजित एतिहासिक फुटबॉल प्रतियोगिता इंटर बटालियन गढ़वाल कप के सन 2023-24 संस्करण का फाइनल मुकाबला शुक्रवार शाम को डायस स्टेडियम में गत दो वर्षों की विजेता 16वीं गढ़वाल और पहली मर्तबा फाइनल में पहुंची 19वीं गढ़वाल के मध्य खेला गया। 16वीं गढ़वाल ने 19वीं गढ़वाल को 3-0 से हर-ाकर लगातार तीसरी बार चैंपियन बनी। 16वीं गढ़वाल के एंजेल रावत को प्रतियोगिता में 5 गोल करने के लिए टॉप स्कोरर, विकास कंडारी का बेस्ट गोलकीपर और तुषार रावत को प्रतियोगिता के सर्वोच्च खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में 16 गढ़वाल ने दसवीं गढ़वाल को 1-0 से परास्त कर और 19वीं गढ़वाल ने तीसरी गढ़वाल को 3-1 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया था। गोरखा राइफल्स में कार्यरत मुख्य निर्णायक भास्कर गुरुंग की सीटी के साथ मैच प्रारंभ हुआ। खेल के 15वें मिनट में दीपक रावत के गोल ने 16वी गढ़वाल को 1-0 की बढ़त दिला दी। एंजेल रावत ने कलात्मक खेल दिखाते हुए 25 वें और 42वें मिनट में दो गोल दागकर स्कोर को 3-0 पर ला दिया। मध्यांतर के बाद दूसरी हाफ में 19वीं गढवाल ने अनेक प्रयास किए, लेकिन 16 गढ़वाल ही रक्षा पंक्ति ने उन्हें गोल के नजदीक फटकने भी नहीं दिया और अंततः 3-0 से यह मुकाबला जीतकर लागातार तीसरी मर्तबा चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। ब्रिगेडियर वीएम चौधरी ने उप विजेता एवं विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की गई। सेना सेवानिवृत्त पंकज असवाल ने मैच का आंखों देखा हाल सुनाया।

## निबंध लेखन में सुमा रावत ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल के भौतिक विज्ञान विभाग परिषद एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में जी-20 के तहत संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत "विज्ञान सर्वत्र पूज्यते" शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कशिश पोखरियाल, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सुमा रावत, बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सौरभ सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन भौतिक विज्ञान प्रभारी डॉ. सुधीर सिंह रावत ने किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नवरतन सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस मौके पर डॉ. विवेक रावत, धर्मेन्द्र सिंह रावत, डॉ. दुदुन मेहता आदि मौजूद थे।

## हाईस्कूल में ओम अवस्थी और ओबैतुल्लाह अली रहे पौड़ी शहर के टॉपर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सीबीएसई ने हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिए गए। हाईस्कूल में बीआर मॉडर्न स्कूल के ओम अवस्थी व हिल्स इंटरनेशनल स्कूल के ओबैतुल्लाह अली ने 96.6 फीसदी अंक हासिल कर शहर में पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि शहर में दूसरा व तीसरा स्थान भी बीआर मॉडर्न स्कूल के छात्रों ने हासिल किया।

शुक्रवार को जारी हुए हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम को देखने के लिए छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल रहा। बीआर मॉडर्न स्कूल के 108 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 17 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए। इस स्कूल में अनामिका ने 95.6 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा व ऋषभ बिष्ट ने 95.2 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में तीसरा स्थान पाया। स्कूल के तेजस्वनी, अकिफ जमीर व माधव ने कंप्यूटर में शत प्रतिशत अंक हासिल किए। हिल्स इंटरनेशल स्कूल के ऋषभ मिश्रा ने 93.6 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में दूसरा व सानिध्य कोटियाल और अस्मिता रावत ने 91.2 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया। केंद्रीय विद्यालय में सानिया भटट ने 91.2 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में पहला, अनुष्का शाह ने 90 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा व सौहार्द पुंडीर ने 88.8 फीसदी अंक के साथ तीसरा स्थान पाया। एसजीआरआर स्कूल में लक्ष्य ने 92 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में पहला, अभिज्ञान ने 90 फीसदी अंक के साथ दूसरा व महक ने 87 फीसदी अंक के साथ तीसरा स्थान पाया। बीआर मॉडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य दामोदर प्रसाद मंमगाई, केवी की प्रधानाचार्य मनीषा मखीजा, हिल्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता रावत व एसजीआरआर स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र पोखरियाल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की है।

## पौड़ी में प्रशासन ने हाईवे से हटाया अतिक्रमण

**पौड़ी** : राजस्व प्रशासन ने पौड़ी मुख्यालय में अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है। पौड़ी-कोटद्वार रोड पर एक स्कूल के रैलिंग को हटाया गया। रैलिंग एनएच की जमीन पर बनी थी। वहीं एक भवन स्वामी ने अपना अतिक्रमण स्वयं ही हटाया। प्रशासन की कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि प्रशासन ने इससे पहले अवैध रूप से अतिकमण कर बनाए गए धर्मस्थलों को हटाने का काम किया था। इसके बाद अब चिह्नित अतिक्रमण को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। पौड़ी के तहसीलदार यशवीर सिंह ने बताया कि अतिक्रमण पहले से चिह्नित था। गुरुवार से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। कोटद्वार रोड पर सेंट थॉमस स्कूल की रैलिंग जेसीबी के मदद से हटा दी गई है। जबकि पास में ही एक भवन स्वामी ने अपनी बाउंड्री वाल स्वयं ही हटानी शुरू कर दी है। तहसीलदार ने बताया कि चिह्नित सभी अतिक्रमण को हटाया जाएगा। टीम में राजस्व निरीक्षक संजय नेगी, राजस्व उपनिरीक्षक गौरव लिंगवाल, कुलदीप, मनोज कुमार आदि भी शामिल रहे।

## 14 मई को होगा सम्मलेन

**पौड़ी** : अनुसूचित जाति और जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ उत्तराखंड के तत्वावधान में 14 मई को गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए परिसंघ के प्रदेश महासचित श्रीकांत ने बताया कि सम्मलेन पौड़ी के नगर पालिका सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जिसमें समाज की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से सम्मेलन में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## रोजगार मेले हेतु कराएं पंजीकरण

पौड़ी : क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी लैंसडौन ममता चौहान नेगी ने बताया कि मई माह के अन्तिम सप्ताह में जनपद देहरादून में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जाना है। आयोजित वृहद रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 65 से अधिक नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले हेतु किसी भी कार्य दिवस पर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय देहरादून/लैंसडौन/नगर सेवायोजन कार्यालय पौड़ी/यूईबी श्रीनगर में प्रातः 10 बजे से अपराहन 5 बजे अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक 14 को

कोटद्वार : वन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों की बैठक का आयोजन 14 मई को किया जायेगा। पनियाली स्थित अरण्य सभागार में आयोजित होने वाली बैठक में कर्मचारी कल्याण निगम का गठन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त रेंज अधिकारी आरपी पंत ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# सुगम संगीत, लोकगीत, एकांकी नाटक और कव्वाली में कला संकाय रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डॉ पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर संकाय प्रतियोगिता एवं समारोह का आयोजन। सुगम संगीत, लोकगीत, एकांकी नाटक और कव्वाली में कला संकाय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि एकल नृत्य छात्र वर्ग, लोक नृत्य में और एकल नृत्य छात्रा में वाणिज्य संकाय प्रथम स्थान पर रहा।

शुक्रवार को महाविद्यालय अंतर संकाय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुगम संगीत, लोकगीत, एकांकी नाटक, एकल नृत्य छात्र, लोक नृत्य, कव्वाली, एकल नृत्य छात्रा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सुगम संगीत में प्रथम कला संकाय, द्वितीय शिक्षा संकाय, तृतीय वाणिज्य संकाय, लोकगीत में प्रथम कला संकाय, द्वितीय शिक्षा संकाय, तृतीय वाणिज्य संकाय, एकल नृत्य छात्र वर्ग में प्रथम वाणिज्य संकाय, द्वितीय शिक्षा संकाय, तृतीय कला संकाय, एकांकी नाटक में प्रथम कला संकाय, द्वितीय वाणिज्य संकाय, तृतीय शिक्षा संकाय, लोक नृत्य में प्रथम वाणिज्य संकाय, द्वितीय कला संकाय, तृतीय विज्ञान संकाय, कव्वाली में प्रथम कला संकाय, द्वितीय शिक्षा संकाय, तृतीय वाणिज्य संकाय, एकल नृत्य छात्रा में प्रथम वाणिज्य संकाय, द्वितीय विज्ञान संकाय, तृतीय स्थान पर कला संकाय रहा। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका विमलेश बछ्वाड़, रेनू गौड़, वीपी ममगांई ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जूनिश कुमार ने किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार, प्रो. अमित कुमार जायसवाल, प्रो. प्रीति रानी, डॉ. चंद्रप्रभा भारती, डॉ. सुनीता नेगी, प्रो. एमडी कुशवाह, प्रो. अनुराग अग्रवाल, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. आरएस चौहान, प्रो. पीएन यादव, प्रो. आशा देवी, अभिषेक गोयल, डा. प्रवीण जोशी, डॉ. सुषमा थलेडी, अनिता बिष्ट, डॉ. चंद्रप्रभा कंडवाल, डॉ. योगिता, डॉ. तनु मित्तल, डॉ. ऋचा जैन, डॉ. संजीव, डॉ. डीएस चौहान, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. सीमा, डॉ. शोभा, डॉ. नीता, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. अरुणिमा, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. तृप्ति, डॉ. रंजना, डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. अंशिका, डॉ. सुनीता गुसाई, डॉ. हीरा सिंह, डॉ. सोमेश आदि मौजूद थे।



राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में एकल नृत्य की प्रस्तुति देता हुआ छात्र।

# प्रमुख महेन्द्र राणा ने कूड़ा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखण्ड मुख्यालय द्वारीखाल में प्रमुख महेन्द्र राणा ने कूडा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह कूड़ा वाहन विकासखण्ड के बाजारों एवं रोड़ से सटे गांवों से कूड़ा एकत्र कर डम्पिंग जोन तक ले जायेगा।

प्रमुख महेन्द्र राणा ने कहा कि स्वच्छ द्वारीखाल-सुन्दर द्वारीखाल के सपने को साकार करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। जनता के सहयोग से ही द्वारीखाल ब्लॉक को स्वच्छ बनाया जा सकता है।

कहा कि कोई भी अभियान बिना जनता के सहयोग के सफल नहीं होता। स्वच्छता कार्यक्रम को धरातल पर उतारने के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंदगी होने से कई प्रकार की बीमारियां फैलती है। \



ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र राणा कूड़ा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

स्वच्छता को अपनाकर ही बहुत सी बीमारियों से दूर रहा जा सकता है।

प्रमुख ने कहा कि स्वच्छता के प्रति आमजन मानस को जागरूक किया जा रहा है। द्वारीखाल को स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक जब सहयोग करेगा तभी हमारा विकासखण्ड स्वच्छता कार्यक्रम में अग्रणी रहेगा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी हरेन्द्र कोहली, सहायक खंड विकास अधिकारी विद्या दत्त रतूडी, एडीओ पंचायत जयदीप रावत, एडीओ समाज कल्याण हरपाल रावत, एडीओ सहकारिता केदा-रदत्त कंडवाल, प्रशासनिक अधिकारी कुमलानन्द बलोधी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक, एनआरएलएम के कर्मचारी सहित ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इंजीनियर बनना चाहता है आयुष

**पौड़ी** : 12वीं की परीक्षा में 98 फीसदी अंक हासिल कर शहर टॉप करने वाले आयुष लिंगवाल के पिता जीएस लिंगवाल के पिता सरकारी शिक्षक हैं। जबकि माता अर्चना लिंगवाल गृहणी हैं। आयुष ने 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते हुए 98 फीसदी अंक पाए हैं। उनका कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान पढ़ाई के दौरान रिविजन करना चाहिए। जिससे परीक्षा में बेहतर अंक हासिल किए जा सकते हैं। आयुष भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया बस स्टैंड का उद्घाटन

**कोटद्वार** : कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कौड़िया वार्ड संख्या 07 में 03 लाख रूपये की लागत से बने सिटी बस स्टैंड का विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने उद्घाटन किया।

शुक्रवार को वार्ड संख्या 07 में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सिटी बस स्टैंड का नाम चक्रवर्ती सम्राट भरत प्रतीक्षालय रखने का सुझाव देते हुए कहा कि कोटद्वार सम्राट भरत की जन्म स्थली है, उनका नाम होना हमें गर्व महसूस कराता है। कहा कि कोटद्वार विधानसभा के विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। इस तरह के 06 से ज्यादा बस स्टैंड कोटद्वार में बनाए जाएंगे, जिनसे क्षेत्रवासियों को लाभ पहुंचेगा।

इस अवसर पर समस्त वार्डवासी मौजूद रहे।



कोटद्वार में बस स्टैंड का उद्घाटन करती विस अध्यक्ष

# जिले में होगी केंद्रीय कंट्रोल रूम की स्थापना : एसएसपी

### जनपद पुलिस मित्र पुलिस की तर्ज पर कार्य करें, सीसीटीवी के साथ डीबीआर लगाना अनिवार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने जिले के सभी थानों और चौकी क्षेत्रों के अंतर्गत हुए क्राइम की समीक्षा की। एसएसपी ने जनपद पुलिस को मित्र पुलिस की तर्ज पर कार्य करने को कहा। उन्होंने बताया कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर को अधुनिक तरीके से संचालित करने के लिए एक केंद्रीय कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जा रही है। जिसमें अब 12 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसमें पूरे जिले की निगरानी तीसरी आंख से की जा सकेगी। बताया कि मौजूदा समय में पुलिस के पास पूरे शहर में 16 सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसएसपी ने सभी पुलिस अफसरों को थाना और चौकी क्षेत्रांतर्गत लॉ एंड ऑर्डर स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अफसर आम लोगों की समस्यायों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करें। एसएसपी ने कहा कि बीते दिनों श्रीनगर स्थित होटल में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। जिसमें पुलिस ने मामले की जांच के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंखाली तो पचा चला कि सीसीटीवी में डीबीआर ही नहीं है। जिस पर कप्तान ने अब नई गाइडलाइन जारी करते हुए सभी सीसीटीवी धारकों को अनिवार्य रूप से डीबीआर लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी का पूरा सेटअप नहीं पाया गया तो पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कप्तान ने कोटद्वार, श्रीनगर, लैंसडौन और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में सीसीटीवी पूरे सेटअप के साथ अनिवार्य रूप में लगाने को कहा है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने क्राइम बैठक की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के सभी थानों और चौकियों में क्राइम की समीक्षा की गई। कहा कि जनपद में कोटद्वार और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में क्राइम का ग्राफ अन्य थाना और चौकिंयों की अपेक्षा अधिक है। लिहाजा इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने को कहा गया है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर/ऑपरेशन सहित समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी मौजूद रहे।



एसएसपी श्वेता चौबे बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## सत्यापन की कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारियों को लगाई फटकार

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने चारधाम यात्रा एवं जनपद के थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत आगामी जी-20 कार्यक्रम के दृष्टिगत विगत वर्षों से बाहरी राज्यों से जनपद में कार्यरत एवं निवास करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सत्यापन की कार्यवाही करने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था। किन्तु विशेष रूप से थाना लैंसडौन, लक्ष्मणझूला, पैठाणी, धुमाकोट, सतपुली एवं रिखणीखाल द्वारा अपेक्षित कार्यवाही न करने एवं लापरवाही बरतने पर फटकार लगाते हुये समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घेरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही करने को कहा। साथ ही उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये।

## उपनिरीक्षक पुरोहित सहित 10 पुलिस कर्मी सम्मानित

**पौड़ी** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने उपनिरीक्षक नवीन पुरोहित थाना कोटद्वार, अपर उपनिरीक्षक दीपक अरोड़ा थाना कोटद्वार, मुख्य आरक्षी संतोष सीआईयू, मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र लाल थाना लक्ष्मणझूला, मुख्य आरक्षी रामवीर सिंह थाना रिखणीखाल, आरक्षी पवनीश कवि थाना कोटद्वार, महिला आरक्षी अंजू यातायात कार्यालय कोटद्वार, महिला आरक्षी श्रीयंका थाना कोटद्वार, फायरमैन नरेश शर्मा फायर स्टेशन पौड़ी, फायरमैन यशपाल सिंह फायर स्टेशन कोटद्वार को माह अप्रैल में अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एसएसपी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये मैस में लगातार अच्छा भोजन बनाने पर सात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को नगद पुरूष्कार देकर सम्मानित किया।



एसएसपी श्वेता चौबे उत्कृष्ट कार्य करने पर उपनिरीक्षक नवीन पुरोहित को सम्मानित करते हुए।

# फॉरेस्ट के हर अधिकारी–कर्मचारियों की जिम्मेदारी जंगल को बचाना: रसाईली

हल्द्वानी। वानिकी प्रशिक्षण अकादमी (एफटीआई) के दीक्षांत समारोह में अपर प्रमुख वन संरक्षक एसएस रसाईली ने कहा कि फॉरेस्ट के हर अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी जंगल को बचाना है। जिसके लिए उन्हें हमेशा समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एफटीआई हल्द्वानी से पास हुए 41 रेंजर्स की जिम्मेदारी होगी वह अपने क्षेत्रों में जाकर जंगलों को बचाने का कार्य करें। प्रशिक्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया गया।रामपुर रोड स्थित एफटीआई में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के 41 रेंज अधिकारियों का दो वर्षीय प्रशिक्षण पूरा होने पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ अपर प्रमुख वन संरक्षक एसएस रसाईली व अकादमी निदेशक डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने किया। प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर डॉ. सुदीप्ता हजारा ने 81.45 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। योजना थापा ने 80.62 प्रतिशत अंक हासिल कर रजत और मधुमिता पात्र ने 79.36 प्रतिशत अंक लेकर कांस्य पदक जीता। एपीसीसीएफ रसाईली ने सभी रेंज अधिकारियों को पुरस्कृत किया। उप निदेशक डॉ. अभिलाषा सिंह ने लोगों को एफटीआई की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।अकादमी की निदेशक डॉ. पाटिल ने बताया कि पश्चिम बंगाल के 41 रेंज अधिकारियों का 2021–2023 के बैच का प्रशिक्षण पूरा हुआ है। प्रशिक्षण में 13 महिला व 28 पुरुष अधिकारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें 19 विषयों के अतिरिक्त जीपीएस, कंप्यूटर, ट्रैंकुलाइजेशन, कैमरा ट्रैप, स्नेक रेस्क्यू, ड्रोन संचालन, जंगल सरवाइवल की ट्रेनिंग दी गई। पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान, खेलकूद, योग, व्यायाम व अनुशासन का भी महत्व सिखाया गया। सभी रेंजर्स दो साल के कठिन प्रशिक्षण के बाद रेंजर्स बने हैं।

रेंज एडमिनिस्ट्रेशन में भी सुदीप्ता आगे रहे

निदेशक डॉ. पाटिल ने बताया कि प्रशिक्षण में 13 प्रशिक्षणार्थी विशिष्ट योग्यता व 28 उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा रेंज एडमिनिस्ट्रेशन में डॉ. सुदीप्ता हाजरा, ईकोलॉजी में नबांकुर घोष, सर्वे एवं इंजीनियरिंग में शिलादित्य आचार्य, वानिकी में डॉ. सुदीप्ता हाजरा ने सवोच्च स्थान हासिल किया।

## युवक पकड़ा

हल्द्वानी। वनभूलपुरा पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात टीम जवाहरनगर क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान एक युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम नौशाद अंसारी निवासी जवाहरनगर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से चाकू बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट के आरोप में नौ के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी। कोतवाली पुलिस ने मारपीट के आरोप में चार नामजद सहित नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक राजपुरा निवासी मोहन लाल वर्मा ने तहरीर दी है। कहा, बुधवार को कुछ लोग बाइक से गली नंबर तीन पहुंचे।

आरोपी दीपांशु कुमार, प्रथम आर्या, विवेक और अभिनव सहित नौ लोगों ने बिना किसी बात के विवाद शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में कुछ महिलाओं को चोट भी आई। उन्होंने आरोपी युवकों से खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा जिलेभर में 15 तक करेगी पन्ना प्रमुखों की तैनाती: बिष्ट

हल्द्वानी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि पार्टी संगठन इन दिनों बूथों की मजबूती के लिए पन्ना प्रमुखों की तैनाती के कार्य मे जुटा हुआ है। 15 जून तक जिलेभर के हर वार्ड स्तर पर पन्ना प्रमुखों की तैनाती कर दी जाएगी। साथ ही हर बूथ में 11 सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। बताया कि 15 जून को केंद्र की मोदी सरकार ने 9 साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर पार्टी जिलेभर में जन संपर्क अभियान चलाएगी।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने पत्रकार वार्ता में बताया मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा के सांसद अपने क्षेत्र में प्रवास में रहेंगे। जिसके तहत सांसद तीरथ सिंह रावत के रामनगर प्रवास व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के नैनीताल लोकसभा में प्रवास पर रहेंगे। इस अभियान के तहत सांसद अपने क्षेत्र के शिक्षक, वकील, चिकित्सक, खिलाड़ी, कलाकार, व्यवसायी, व्यापारी जैसे प्रोफेशनल्स से संपर्क करेंगे। इसके अलावा मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करेंगे। सरकार की योजना से लाभार्थियों के जीवन में क्या बदलाव आया, इसका अध्ययन भी करेंगे।

बिष्ट ने बताया पार्टी के देशव्यापी अभियान में नए मतदाताओं से संपर्क साधने, धार्मिक नेता, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि से संपर्क करने का काम भी किया जाएगा। उन्होंने बताया प्रवास पर रहने वाले सांसद किसान, मजदूर, गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण विकास के लिए किए गए कार्यों का प्रचार प्रसार करेंगे। बताया कि मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी बैठककर प्रदेश, जिला, मंडल स्तर के कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। यहां भाजपा जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जिला उपाध्यक्ष रुचि गिरी गोस्वामी, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद मेहरा, मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, वीरेंद्र सिंह रावत, महामंत्री आशीष ठाकुर, अरुण कुमार आर्या मौजूद रहे।.

## दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास



हल्द्वानी। अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज पॉक्सो न्यायालय नंदन सिंह की अदालत ने नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार देकर 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) नवीन चन्द्र जोशी ने बताया कि 20 फरवरी 2020 को कालाढूंगी क्षेत्र की एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप लगाया था कि 18 फरवरी को रामरतन (27) निवासी ग्राम उदयपुरी कमोला कालाढूंगी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले गया। मामले में पुलिस ने नाबालिग को 28 फरवरी 2020 को आरोपी के साथ कमोला के पास बैल पोखरा से बरामद कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को हुई सुनवाई में अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज पॉक्सो न्यायालय नंदन सिंह की अदालत में सात गवाह पेश किए गए। अदालत ने गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

साथ ही धारा 363 और 366 के तहत 5–5 वर्ष के सश्रम कार-ावास पांच–पांच हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# प्रमाणपत्र नहीं दिया तो इंस्टीट्यूट में की तोड़फोड़

हल्द्वानी। कैनाल रोड स्थित एक इंस्टीट्यूट में कुछ युवक युवतियों ने जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि युवकों ने इंस्टीट्यूट में तोड़फोड़ की। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक लीला बिष्ट का कहना है कि कैनाल रोड पर उनका कंप्यूटर इंस्टीट्यूट है। इंस्टीट्यूट में कोर्स के आधार पर युवक–युवतियों को कंप्यूटर डिप्लोमा का प्रमाणपत्र दिया जाता है।

एक युवती बीते छह माह से उनके इंस्टीट्यूट में कंप्यूटर सीख रही थी। गुरुवार शाम युवती इंस्टीट्यूट पहुंची और एकवर्ष का प्रमाण पत्र देने की जिद करने लगी। उन्होंने छह माह की ट्रेनिंग के बदले एक साल का प्रमाणपत्र देने में असमर्थता जताई। इस पर युवती के साथ आई एक अन्य लड़की और पांच युवकों ने अभद्रता शुरू कर दी। आरोपियों ने इंस्टीट्यूट में तोड़फोड़ की। मैनेजर और कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। एसओ हरेंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवती से दुष्कर्म के आरोपी के मोबाइल में कई राज

हल्द्वानी। युवती से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अब पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के मोबाइल में कई राज छुपे हुए हैं।



मुखानी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। युवती ने आरोपी पर धर्म और पहचान छुपाने, गुमराह करने, कई बार शारीरिक शोषण करने और शिकायत करने की बात कहने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। गुरुवार देररात थाने में चले हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। बताया जा रहा है कि आरोपी एक मॉल में महज 15 हजार की नौकरी करता है, लेकिन उसके पास लग्जरी कार और बुलेट है। आशंका जताई जा रही है कि युवक नौकरी की आड़ में कई अन्य धंधों में लिप्त था। साथ ही प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक के मोबाइल में कई अन्य युवतियों के नंबर, फोटा व वीडियो मिले हैं, जिनके दम पर वह युवतियों को ब्लैकमेल किया करता था।

इसके अलावा युवक का आधार कार्ड भी नकली होने की बात सामने आ रही है। मामले में मुखानी एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि मोबाइल और आधार कार्ड पुलिस के कब्जे में हैं। मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## एक नजर

### राइंका जालली के बच्चों ने मिलेट्स जागरूकता रैली निकाली

अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज जालली में मोटा अनाज उगएंगे, ज्वार बाजरा खाएंगे, नारे के साथ छात्र–छात्राओं , शिक्षकों ने मिलेट्स (मोटा अनाज) जागरूकता रैली मुख्य बाजार में निकाली गई। इस मौके पर वक्ताओं ने मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, झुगरा, रागी, कौंदा, कुटनी, मडुवा, जौ के संबंध में जानकारी दी गई। मिलेट की उपयोगिता को समझाया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष कुमार, नोडल प्रभारी ललित तड़ियाल, लक्ष्मी दत्त मठपाल, आशुतोष सती, मनोज कार्की, मनोज कुमार, हरीश मेहरा, परवेज आलम, बबीता, लीला, अंजना व छात्र–छात्राएं रहे।

### पुलिस ने बाजार में चलाया चेकिंग अभियान

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने ऑपरेशन ट्रिपल के तहत नगर क्षेत्र में संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नगर क्षेत्र के मुख्य बाजार, नियाजगंज, हुक्का क्लब समेत अन्य संवेदनशील ईलाकों में अराजक तत्वों व सदिग्धों व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी गयी। नियमों का पालन नहीं करने वाले उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध एमवी एक्ट, पुलिस एक्ट व कोटपा एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। ऑपरेशन ट्रिपल आर के संबंध में लोगों को जानकारी देकर नशे से दूर रहने की अपील की गयी।.

### पुलिस ने मकान मालिक का पांच हजार का चालान किया

अल्मोड़ा। जिलेभर में पुलिस का बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान जारी है। बीते गुरुवार को दन्या पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान आरतोला दन्या में एक मकान मालिक का बिना सत्यापन बिहार निवासी मजदूरों को किराये पर रखने पर पांच हजार की चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों को किरायेदार सत्यापन के प्रति जागरुक करते हुए अपने मकान में बाहरी व्यक्तियों को किराये पर रखने से पूर्व पुलिस सत्यापन कराने की अपील की।

केंद्रीय विद्यालय का परिणाम रहा शत–प्रतिशत

हल्द्वानी । केंद्रीय विद्यालय पहली पाली में सीबीएसई 12वीं का परिणाम शत–प्रतिशत और द्वितीय पाली में 94.29 रहा है। विद्यालय की प्रथम पाली में विज्ञान वर्ग में 95.4 प्रतिशत के साथ अमनदीप सिंह बिष्ट वाणिज्य में चित्रेश ने 86.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की द्वितीय पाली से विज्ञान वर्ग मे अभय प्रताप सिंह ने 92.4% कला वर्ग में विमल पांडे ने 94.2% के साथ प्रथम स्थान मिला। वहीं 10वीं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। प्रथम पाली में पूनम दानु और अक्षिता गर्ग ने संयुक्त रूप से 95.6% के साथ ने प्रथम स्थान और द्वितीय पाली से गरिमा श्रीवास्तव ने 94.2 प्राप्त कर पहला स्थान मिला है।

### साइबर क्राइम के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

हल्द्वानी। भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम ने राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इसका शुभारंभ साइबर सेल में तैनात हरपाल सिंह, संगठन सचिव डॉ़ विनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, रश्मि जैन ने दीप जलाकर किया। हरपाल सिंह ने कहा कभी भी किसी अनजान लिंक को क्लिक न करें, किसी भी व्यक्ति को क्यूआर कोड शेयर न करें ऐसी लापरवाही से कोई भी डाटा चोरी हो सकता है। इस मौके पर अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, प्राचार्य आभा श्रीवास्तव, रश्मि जैन, दीपक बिस्ट, ममता खुल्लर, रेणुका गर्ग, कनिका बमेटा, गरिमा सिंहल, राजीव रावत रहे।

### नर्स दिवस पर ग्राफिक एरा में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हल्द्वानी। ग्राफिक एरा भीमताल परिसर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ नर्सिंग सुपरिटेंडेंट बीडी पांडे शुक्ला पांडे, परिसर निदेशक एमसी लोहानी व प्रशासनिक निदेशक मंजुल कुमार जोशी ने किया। इसके बाद नर्सिंग सुपरिटेंडेंट पांडे ने छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाई। इससे पूर्व प्रधानाचार्य हंसी जोशी ने नर्सिंग सुपरिटेंडेंट पांडे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# गोल्फ, चौबटिया सड़क खुलवाने के लिए डीएम का जताया आभार

अल्मोड़ा। पर्यटन नगरी रानीखेत के विश्व प्रसिद्ध टूरिस्ट स्पॉट गोल्फ मैदान तथा चौबटिया–झूलादेवी सड़क मार्ग को आम लोगों और सैलानियों के लिए खुलवाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी का आभार जताया है। नगर के एनसीसी मैदान को स्थानीय प्रशासन को सौंपे जाने के लिए भी कांग्रेस ने जिलाधिकारी की सराहना की। शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने गोल्फ कोर्स और चौबटिया सड़क खुलवाने तथा एनसीसी ग्राउंड को प्रशासन के सुपुर्द किए जाने के लिए नायब तहसीलदार हेमंत सिंह मेहरा के माध्यम से जिलाधिकारी को धन्यवाद पत्र प्रेषित किया। पत्र सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, महासचिव कुसुम लता जोशी, सचिव माधवी जयाल, विश्व विजय सिंह माहरा, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, सुरेंद्र सिंह पवार, जिलाध्यक्ष एससी विभाग एडवोकेट ललित मोहन आर्या आदि शामिल रहे।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक को रोकने के लिए टीम को किया गठन

हल्द्वानी। नगर निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग रोकने के लिए नगर निगम ने टीम का गठन किया है।

नगर आयुक्त ने बताया कि टीम हर रोज दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक बाजार क्षेत्र में दुकान, फड़ और होटलों में निरीक्षण करेगी। बताया कि सफाई निरीक्षक चतर सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्य की टीम बनाई गई है।

इनके अवकाश पर रहने पर अमोल असवाल जांच का काम करेंगे। हर दिन की जांच रिपोर्ट नगर स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से नगर आयुक्त को भेजी जाएगी।

# कालीमठ के जंगलों में धधकी आग, वन संपदा को पहुंचा नुकसान

हल्द्वानी। बारिश का दौर थमने और बढ़ते गर्मी के बीच एक बार फिर जंगलों में आग धधकने लगी है।

शुक्रवार को भी अल्मोड़ा–ताकुला मोटर मार्ग में कालीमठ के समीप एकाएक आग धधक गई। कुछ ही देर में आग ने जंगल के एक बड़े हिस्से को अपने आगोश में लिया। जिससे वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा है।

दरअसल, इन दिनों अब गर्मी बढ़ने लगी है। जिससे एक बार फिर आग की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रहीं है। लगातार जंगल धधक रहे है। जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। शुक्रवार को भी कालीमठ के समीप जंगल में



भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जंगल में एकत्र कूड़े के आग लगा रहे थे, जिससे एकाएक आग फैल गई। जिसे काबू पाने का प्रयास किया गया। देर तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

# रुड़की में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने मारी बाजी

रुडकी। सीबीएसई के शुक्रवार को जारी 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में रुड़की के छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉपरों में छात्राओं ने बाजी मारी। रिजल्ट जारी होने के बाद होनहार विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक भी वेबसाइट से अपने–अपने स्कूल का परिणाम डाउनलोड करने में जुट गए।



12वीं के विद्यार्थी स्कूल पहुंचे और साथियों के साथ बेहतर परिणाम का जश्न मनाया। ग्रीनवे मॉर्डन स्कूल के 12वीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में श्लोक मेहंदीरत्ता ने 95.8, दिव्या गोयल ने 95.2, राघव गुलाटी ने 93.6, खुशी सैनी ने 92.6, धनंजय चौधरी ने 92.8, अक्षत पंवार ने 92.2, कातिफउददीन ने 91.6, हर्षित चौधरी ने 91.2 फीसदी अंक हासिल किए। वाणिज्य वर्ग में वैभव अग्रवाल ने 96.8, पावनी शर्मा ने 96.6, मानिक शर्मा ने 96, उत्कर्ष जैन ने 93.2, प्रबल सचदेवा ने 92.6, तनीशा कालरा ने 91.2, रियांशु अग्रवाल, वंश राणा, प्रज्ञा सिंह, रुचि ने 90.4 फीसदी अंक हासिल किए।

## मरीज की सेवा करना नर्स का पहला धर्म

रुडकी। क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में फलोरेन्स नाईटिंगल का जन्म दिवस विश्व नर्सेस दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने मरीजों की हमेशा सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि क्वाड्रा संस्थान सचिव डॉ. रकम सिंह, कोषाध्यक्ष अकलन जैन ने दीप जलाकर किया। लैंप लाइटिंग सेरेमनी में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों ने मानवता की सेवा में हमेशा तत्पर और निस्वार्थ सेवा करने की शपथ ली।

डॉ. रकम सिंह ने कहा कि मरीज की सेवा करना नर्स का पहला धर्म है।

## कारोबारी से लूट में सीसीटीवी खंगाले

रुड़की। परचून होलसेल कारोबारी से एक लाख की लूट में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीआईयू की टीम संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के देविल सतीजा का बड़ा बाजार में परचून का होलसेल का कारोबार है। गुरुवार रात करीब सा-ढ़े आठ बजे वह दुकान से स्कूटी से घर जा रहे थे। उनके पास एक बैग में एक लाख की नगदी और लैपटॉप था। हरिद्वार–रुड़की स्टेट हाईवे पर डमडम चौक से कुछ आगे बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।बदमाशों ने उनसे नगदी भरा बैग और लैपटॉप लूट लिया। विरोध करने पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। कारोबारी कुछ समझ पाते बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सिविल लाइंस पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई लेकिन बदमाशों का पता नहीं लग पाया।

### वन विभाग की टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध

रुडकी। सिकरोढ़ा गांव की सीमा से लगे जंगल में धार्मिक स्थल को वन विभाग की टीम बीते गुरुवार शाम को हटाने पहुंची। कई ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और विरोध किया। इसके चलते कुछ हिस्सा हटाने के बाद टीम वापस लौट गई। इन दिनों वन विभाग की भूमि पर बने धार्मिक स्थलों को हटाने की कार्रवाई चल रही है।

# पेट्रोल डलवाने आये युवकों ने सेल्समैन को पीटा

रुडकी। सिकंदरपुर गांव के पेट्रोल पंप पर तीन युवक बाइक पर पेट्रोल डलवाने पहुंचे। उन्होंने सेल्समैन के साथ गाली गलौज कर हाथापाई शुरू कर दी। गश्ती पुलिस का सायरन सुनकर बाइक सवार मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पेट्रोल पंप पर मौजूद सेल्समैन शेखर ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देररात तीन लोग बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से तेल डलवाने जाने की बात कही। इस बीच बिना वजह सेल्समैन के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। सी बीच पुलिस की टीम वहां पहुंची।

सायरन की आवाज सुनकर तीनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बाइक मालिक का पता लगा रही है। काली नदी चौकी प्रभारी संजय पुनिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मजदूर न मिलने से गन्ने की बुआई में देरी

रुडकी। क्षेत्रीय किसानों को खेती के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। कुछ मजदूर हैं, परंतु वे सामान्य से काफी ज्यादा मजदूरी मांग रहे हैं। इसका असर सीधे खेती और किसानी पर पड़ रहा है। छोटे किसान किसी तरह खुद लगकर काम चला रहे हैं, लेकिन लेबर पर आश्रित बड़े किसान मजदूर न मिलने से परेशान हैं।

साल भर में अप्रैल और मई के महीने में क्षेत्र के किसान सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। किसान महक सिंह, गोरख सिंह, राजकुमार के मुताबिक फिलहाल गेहूं की कटाई और थ्रेसिंग (गहाई) का अंतिम समय है।

# स्वाद और पौष्टिकता, दोनों से भरपूर है मोटा अनाज

रुडकी। लक्सर और खानपुर की सभी न्याय पंचायतों में कृषि विभाग की टीम ने किसानों के साथ बैठक की। बैठक में मिलेट (मोटे अनाज) से होने वाले फायदे गिनाए। साथ ही रविवार से शुरू हो रहे सरकार के चार दिवसीय उत्तराखंड श्री अन्न महोत्सव में हिस्सा लेने की अपील भी की।कृषि विभाग के लक्सर ब्लॉक प्रभारी शेरपाल सिंह के साथ टीम ने भिक्कमपुर, निरंजनपुर, मुंडाखेड़ा कलां, सुल्तानपुर, अकौढा कलां, रायसी, बहादरपुर खादर, मोहम्मदपुर बुजुर्ग, गोवर्धनपुर न्याय पंचायत और खानपुर प्रभारी हरिओम यादव की टीम ने गोवर्धनपुर, खानपुर तथा पोड़ोवाली न्याय पंचायत में किसानों के साथ बैठक कर उन्हें मिलेट (मोटा अनाज) के बारे में समझाया।उन्होंने कहा कि पहले मोटे अनाज में मडुआ, झंगोरा, ज्वार, बाजरा, जौं आदि की ज्यादा खेती होती थी। लोग खाने में इसी अनाज का उपयोग करते थे। यह अनाज न सिर्फ स्वाद में अच्छा है, बल्कि शरीर के लिए पौष्टिक भी है। बताया कि आज भारत ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर विकसित देश मिलेट अपना रहे हैं। विश्व की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ भी अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष मना रहा है।

## सिविल सर्विस और इंजीनियरिंग की तैयारी में जुटे टॉपर

रुड़की। शुक्रवार को सीबीएसई के बोर्ड परीक्षा परिणाम आए तो टॉपर आगे की तैयारी में जुट गए। ये बच्चे सिविल सर्विस, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। सीबीएसई के स्कूलों में रिजल्ट की सूचना के बाद छात्र–छात्राएं पहुंचने लगे। जैसे–जैसे रिजल्ट आते गए मेधावियों के चेहरे पर मुस्कराहट आती रही। वह अपने दोस्तों का रिजल्ट देखने के लिए भी उत्साहित रहे। मेधावियों ने शिक्षकों और माता–पिता का आशीर्वाद लिया। 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मार्क सैमुएल आगे चल कर इंजीनियर बनना चाहते हैं।

# बीडीसी बैठक में बदहाल सड़कों पर सदस्य गुस्से में

उत्तरकाशी। नौगांव ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान को लेकर मुद्दे उठाए तथा ब्लॉक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मोटर मार्गों की बदहाल स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की।

शुक्रवार को नौगांव क्षेत्र पंचायत प्रमुख सरोज पंवार की अध्यक्षता में बीडीसी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्लॉक के अंतर्गत अधिकांश गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्गों की स्थिति खस्ताहाल है जिन मार्गों का विभागों द्वारा सुधारने का कार्य नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में टमाटर आदि नगदी फसल पक कर तैयार होने वाली है, सड़कों की स्थिति खराब होने के कारण फसलों को मण्डी तक पहुंचना मुश्किल हो जायेगा। कई मोटर मार्ग की सुरक्षा दीवारें क्षतिग्रस्त हो रखी हैं, तो कहीं सड़को पर पुरानी वर्षात का मलबा जगह जगह पड़ा हुआ है। मामले में अधिशासीअभियन्ता मनोहर सिंह ने कहा है कि सरकार से बजट नही मिल पा रहा है। जिला पंचायत सदस्य दलवीर चन्द ने स्योरी मोटर मार्ग, जट्टा पलेठा खांसी मोटर मार्ग, किम्मी कंडाऊं सिंगुणि पिफियारा, मोटर मार्ग की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया। क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश कुमार ने सुनाल्डी जेस्टाडी मोटर मार्ग पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया ।वहीं प्रधान बजलाड़ी सकल चन्द ने कहा कि उनके गाँव की पेयजल योजना पर लाखों खर्च कर सिर्फ पाईप बिछाए गए हैं लेकिन योजना पर पानी नही चला है। ग्राम प्रधान बंचाणगाँव संदीप खण्डूड़ी का कहना था कि 24 लाख की बंचाण गाँव पेयजल योजना पर आधा अधूरा कार्य कर पेयजल निर्माण की इतिश्री कर दी जबकि विभाग ने ठेकेदार को 18 लाख का भुकतान भी कर चुका है। प्रधान पिफियारा चैन सिंह ने यमुनोत्री मार्ग पर स्थिति गंगानी धारा में सड़क पर बने गढों को भरने और क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित सिंह और ममलेश ने पाली गाड़ से फूल चट्टी के बीच घटिया डामरीकरण की बात रखी। जिस पर ब्लॉक प्रमुख सरोज पंवार ने राजमार्ग निर्माण खण्ड को सुधार लाने के निर्देश दिए। सदस्यों ने उधान विभाग पर घटिया किस्म के एंटी हेलनेट और दवाई बांटने और अपात्रों को पैकिंग हॉउस का लाभ देने का आरोप लगाया।

बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जेष्ठउपप्रमुख कृष्ण सिंह राणा, खण्ड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, जिला पंचायत सदस्य दलवीर चन्द, जिला पंचायत सदस्य आनन्द राणा, जिला पंचायत सदस्य पवन पंवार आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय आधार कार्ड शिविर 17 मई से

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद स्तर पर नागरिकों के दस्तावेज अ2पलोड किए जाने के लिए 17 एवं 18 मई को जिला कार्यालय में दो दिवसीय आधार कार्ड शिविर लगाया जाएगा।उक्त आशय की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने अवगत कराया है कि दस वर्ष पूर्व बने आधार कार्ड धारकों को अपनी पहचान एवं पते का सत्यापन करवाना आवश्यक है, ताकि केंद्रीय पहचान डाटा रिपॉजिटरी में नागरिकों का सत्यापन डाटा उपलब्ध रहे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद स्तर पर नागरिकों के दस्तावेज अपलोड (पहचान एवं पते का प्रमाण) किए जाने हेतु आगामी 17 व 18 मई को जिला कार्यालय में आधार कार्ड शिविर लगाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि को निर्धारित तिथियों में लगने वाले शिविरों हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी कार्यालध्यक्षों को भी उनके अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों व कार्मिकों को निर्धारित तिथियों में आधार कार्ड अध्यावधिक करवाने को कहा है।

# स्थानीय उत्पादों के निर्माण एवं विपणन हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में कौशल विकास प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों को स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने जाने हेतु राज्य कौशल विकास मिशन को विभिन्न स्थानीय उत्पादों के निर्माण एवं विपणन हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिला कौशल विकास समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कौशल विकास के सफल क्रियान्वयन हेतु उचित कोचिंग व्यवस्था के तहत टूर गाइड, बर्ड वाचिंग एवं गेस्ट हाउस संचालन आदि स्किल डेवलपमेंट के संबंध में भी उचित प्रशिक्षण दिए जाने के संबंध में उचित कार्यवाही करने को कहा। जिससे कि स्थानीय स्तर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें तथा उनकी आर्थिकी को भी मजबूत किया जा सके। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे ने कौशल विकास विभाग की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी, अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र चैधरी, समन्वयक ज्ञान गंगा राघवेंद्र सिंह, निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत मौर्य, अगस्त्यमुनि महाविद्यालय से डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. वीरेंद्र प्रसाद, डॉ. पीयूष मित्तल, यशपाल सिंह नेगी, किशन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## कर्णप्रयाग की आंचल नेगी ने हासिल किए 96.8 प्रतिशत अंक

चमोली। शुक्रवार को सीबीएसई की 10वीं परीक्षा के घोषित परिणामों में यहां सुभाषनगर की आंचल नेगी ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया है। आंचल के पिता वन विभाग और मां शिक्षिका हैं। एसजीआरआर के प्रधानाचार्य बीबी डोभाल ने बताया कि आंचल के अलावा नंदिनी ने 95.8, अक्षिका ने 94.2, लावण्या डिमरी ने 92.2, आशीष ने 92.2, दिव्या राणा ने 90.8,अनुष्का ने 90.4, वैष्णवी ने 90.4, हर्षित ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# बिना लाइसेंस दुकान चला रहे दुकानदारों को नोटिस दिया

चमोली । गोपेश्वर केदारनाथ मार्ग पर बिना लाइसेंस दुकान संचालित कर रहे 6 कारोबारियों को नोटिस थमाया गया है। आयुक्त खाद्य संरक्षा और जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्य संरक्षा टीम द्वारा गोपेश्वर से चोपता तक केदारनाथ यात्रा मार्ग पर दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 6 खाद्य कारोबारियों को बिना लाइसेंस नोटिस जारी किया गया।

वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी असलम खान ने आरएनएस समाचार एजेंसी को बताया कि गोपेश्वर से मंडल, चोपता तक केदारनाथ यात्रा मार्ग पर दो दर्जन से अधिक खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में खाद्य सामग्री की जांच की गई। सघन निरीक्षण में होटल, रेस्टोरेंट चाय फास्ट फूड की दुकानें, किराना दुकानों शामिल रहीं।

बैरागना व मंडल में 6 खाद्य कारोबारियों के यहां फूड लाइसेंस न मिलने पर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया। सन्तोषजनक जवाब न मिलने पर या लाइसेंस प्रस्तुत न कर पाने पर एफएसएस एक्ट 2006 के तहत सुसंगत धाराओ में विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान खाद्य कारोबारियों को एक्ट की जानकारी दी गई। साथ ही अपने प्रतिष्ठान में साफ सफाई रखने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने व श्रद्धालुओं व यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करने को कहा गया।

## होनहारों ने नाम रोशन किया

रुडकी। सीबीएसई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट में कस्बा स्थित स्कूलों का परिणाम अच्छा रहा। चरत निकेतन विश्व भारती सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट में वंशिका ने 90.10, वंश कपिल ने 90.08, हाईस्कूल में प्रिया ने 92.4, जयश्री सैनी ने 92, रिया रोज ने 91.8 फीसदी अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक चौधरी कुलबीर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। सूर्या क्लासेस में इंटरमीडिएट में प्रज्ञानश ने 94, रूद्र प्रताप ने 95, भूमि त्यागी ने 90, हाई स्कूल में आदित्य ने 93, वंदना ने 94 फीसदी अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक ईसम सिंह चौहान ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# जागर गायिका पम्मी नवल सहित नौ को बीना स्मृति सम्मान

चमोली । शुक्रवार को ब्लाक सभागार में स्व. बीना स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण, लोक संस्कृति, शिक्षा, पत्रकारिता सहित अन्य सामाजिक क्षेत्रों में विशेष काम करने वाले स्वयं सेवियों को स्व. बीना स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

स्व. बीना स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिले की वरिष्ठ चिकित्सक डा. उमा शर्मा ने किया। दीप प्रज्वलन के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में जीजीआईसी और जीआईसी के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में उमा आर्य प्राथमिक विद्यालय सुनाली, पर्यावरण के क्षेत्र में मनोज सती लंगासू और बख्तावर सिंह, लोक संस्कृति पम्मी नवल, पत्रकारिता के क्षेत्र में रुद्रप्रयाग में ओमप्रकाश बहुगुणा, महिला अधिकार और जनजागरूकता में शिव नारायण किमोठी, बाल अधिकारों के लिए कार्य कर रही छिनका की सीमा असवाल, स्कूली लोक संस्कृति में शिशुपाल जीआईसी गोपेश्वर, रमाकांत तिवारी डीएफओ अलकनंदा को वन पंचायतों ग्रामीणों में जनसहभागिता के लिए, स्वास्थ्य के क्षेत्र में गोपेश्वर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. केएस कठैत को स्व. बीना स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में समाजसेवी उद्धव देवली की हिमालय की गोद से और जल का समाज शास्त्र पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया कि साल 1999 में 12 मई को जंगल को आग से बचाने के लिए बरतोली की बीर बाला बीना ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। जिसके बाद हर वर्ष फाउंडेशन इस कार्यक्रम को आयोजित करता है। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, जिपंस लक्ष्मण बिष्ट, अंजना देवी, भुवन नौटियाल, डा. एपी हटवाल, बार संघ के अध्यक्ष रविंद्र पुजारी, जगदीश पुरोहित, महाविद्यालय के डा. आरसी भट्ट, आरएल आर्य, गणेश शाह, चेतन मनोड़ी आदि मौजूद थे।

# शतरंज में दीपक और टेबल टेनिस में अभिषेक विजेता बने

नई टिहरी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में दो दिवसीय अंतर संकाय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हुई। प्राचार्य ने छात्रों से खेल को खेल भावना से खेलने को कहा।

शुक्रवार को पीजी कॉलेज नई टिहरी में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. डीपीएस भंडारी तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. राजकुमार त्यागी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित का प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दो दिनों तक चलने वाली खेल प्रतियोगिताओं के पहले संपन्न हुई शतरंज प्रतियोगिता में दीपक शर्मा, विकास बनगाई, टेबल टेनिस में अभिषेक थपलियाल और आदित्य सेमवाल क्रमशः विजेता और उप विजेता रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल अभिषेक थपलियाल तथा द्वितीय सेमीफाइनल आशीष सजवाण ने जीता, शनिवार को दोनों विजेता खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाऐगा। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रुप से स्वास्थ होता है, लिहाजा छात्रों को खेलों में जरुर प्रतिभाग करना चाहिए। कॉलेज के क्रीड़ा सचिव डॉ. अरविंद मोहन पैन्यूली ने गत वर्ष छात्रों के हित में करवाई गई खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। मौके पर डॉ. गुरुदेव साईं, डॉ. सत्येंद्र नौटियाल, अरविंद राणा, भगत सिंह चौहान, खेल सहायक, डॉ. प्रीतम सिंह,डॉ. हर्ष नेगी, डॉ. नवीन रावत, डॉ. कमलेश पांडेय, डॉ. सुशील कुमार कगड़ियाल,डॉ. पुष्पा पंवार, अरविंद राणा, डॉ. डीपीएस तोपवाल आदि उपस्थित थे।

# यात्रियों से पॉलिथिन का प्रयोग न करने की अपील की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : युवा कल्याण विभाग, वन विभाग एवं सुलभ इंटरनेशनल संस्था द्वारा गौरीकुंड गौरी माई के मंदिर से स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने यात्रियों से यात्रा में पॉलिथिन का प्रयोग न करने एवं कूड़ा कूड़ेदानों में ही डालने की अपील की।

जिला युवा कल्याण अधिकारी शरद सिंह भंडारी ने बताया कि केदारनाथ यात्रा को स्वच्छ और सुगम बनाने की मुहिम के अंतर्गत शुक्रवार को गौरीकुंड में महिला मंगल दल, व्यापार मंडल के सदस्यों के सहयोग से गौरीकुंड में गौरी माई मंदिर परिसर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर यात्रा मार्ग पर गिरे पड़े कूड़े कचरे को एकत्रित किया गया। उक्त यात्रा मार्ग पर न केवल जागरूकता रैली निकाली गई अपितु स्वच्छता कर्यक्रम भी चलाया गया। जिसमें पूरे मार्ग से लगभग 4 बोरी यानि डेढ़ क्विंटल कूड़ा एकत्रित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती सोनी देवी, अध्यक्ष व्यापार मंडल रामचंद्र गोस्वामी, महिला मंगल दल की अध्यक्ष श्रीमती रूचि देवी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोज बजरियाल सहित सुलभ इंटरनेशनल, वन विभाग, युवा कल्याण विभाग के कार्मिक, स्थानीय नागरिक, होटल व्यवसायी आदि मौजूद रहे।

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार

रुडकी। औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक खाली प्लाट में जुआ खेलते चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते गुरुवार देर रात पुलिस को औद्योगिक क्षेत्र सिकन्दरपुर स्थित एक खाली प्लाट में जुआ खेलने की जानकारी मिली। मौके पर तलाशी के दौरान उनके पास से 1100 रुपये की नगदी और ताश के पत्ते बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रवि कुमार निवासी सतपुरा जनपद सहारनपुर, माजिद निवासी सिसौना जनपद हरिद्वार बताया।

# जी 20 के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम–एसएसपी

नई टिहरी । महीने के अंतिम सप्ताह में नरेंद्रनगर क्षेत्र में आयोजित होने वाली जी 20 सम्मेलन में पर्याप्त सुरक्षा बलों के साथ पुख्ता सुरक्षा इंतजामात सुनिश्चित किये जायेंगे। यह जानकारी एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने दी। बताया कि सम्मेलन में शामिल होने आ रहे विदेशी डिलेगेट की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं।

इस दौरान जी 20 सम्मेलन क्षेत्र और रूट पर बिना पहचान पत्र के किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। सभी के पास आईडी प्रूफ होना जरूरी होगा। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एंटी ड्रोन टीम की तैनाती भी की जा रही है, जिससे हवाई क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नजर रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जी 20 क्षेत्र में अब तक 10 हजार से अधिक लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन एलआईयू की मदद से किया गया है। वेरिफिकेशन का काम आगे भी जारी रहेगा। सुरक्षा को लेकर एसडीआएफ की सीबीआरएन की विशेष टुकड़ी भी तैनात की जायेगी। इसके अलावा जी 20 सम्मेलन रूट के विभिन्न हिस्सों में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जायेगी। सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का काम तेजी से जारी है।

# इंटर में शुभम और हाईस्कूल में अनुज ने किया विद्यालय टॉप

उत्तरकाशी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी इंटर एवं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा परिणाम में ऋषिराम शिक्षण संस्थान के छात्रों ने अपना परचम लहराया है। यहां 12 वीं के छात्र शुभम सिंह कोहली ने 96.40 व हाईस्कूल में अनुज सिंह राणा ने 98.0 अंक प्राप्त कर जहां विद्यालय में टॉप किया है। वहीं जिले की मैरिट सूची में भी अपना स्थान बनाया है।

ऋषिराम शिक्षण संस्थान के प्रधनाचार्य डा. एसके मिश्रा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की ओर से शुक्रवार को हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट परीक्षा के परिणाम विधिवत रूप से घोषित कर दिए हैं। जिसमें विद्यालय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। विद्यालय से 247 छात्रों ने इंटर की परीक्षा दी। जिसमें 241 छात्र पास हुए और परीक्षाफल 98 प्रतिशत रहा। जबकि हाईस्कूल में 258 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिनका परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में अक्षत सेमवाल ने 95.40,अमन पुरोहित ने 95, पंकज व प्रांजल ने 94 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया और 17 बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। जबकि हाईस्कूल परीक्षा में श्रीकृष्ण जगूड़ी ने 96.40 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं अभिलाषा ने 96.20 अंका प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 23 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम रहने पर उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को बधाई दी है।

## डीपीएस के बच्चों ने लहराया परचम

रुड़की। सीबीएसई बोर्ड में दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग में राज राहुल ने 96.4, अरिम नैथानी 95.4, अधिराज सिंह 94.6, देवेन प्रताप 94, कार्तिक आर्या 93.8, मजरह उल्लाह खान 91.4, सक्षम कौशिक 90.8, आयुष कुमार यादव 90.4, देवांश 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कामर्स वर्ग में अनुष्का गर्ग ने 93.4, शुभ्रा गोयल 93.2, परितोष बलूनी 92.6, आरुषी जैन 92.6, आर्यन सिंह 92.4, सोम्या कश्यप ने 92.2 अंक प्राप्त किए।

# गैरसैंण में बाबा विश्वनाथ और मां जगदीशिला डोली का स्वागत



चमोली। बाबा विश्वनाथ एवं मां जगदीशिला की डोली शुक्रवार को अपने अगले पड़ाव कुरुड़ के लिए प्रस्थान कर गयी। विदायी के मौके पर गंगेश्वर महादेव मंदिर धुनारघाट में डोली को विधि विधान से विदा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बताते चलें कि यह डोली यात्रा अपने 29 दिवसीय उत्तराखंड के भ्रमण पर है। गुरुवार देर शाम डोली यात्रा गैरसैंण में नदां माई, गंगा माई एवं राधाकृष्ण मंदिर में जनता को दर्शन देने के पश्चात रात्रि प्रवास के लिए गंगेश्वर महादेव मंदिर धुनारघाट पहुंची थी। यात्रा के मुख्य सेवक पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि डोली यात्रा का उद्देश्य जगत कल्याण है।

कहा कि यात्रा आदिबदरी एवं नौटी मंदिर में भेंट एवं दर्शन के बाद नंदानगर घाट के कुरुड़ मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। इससे पूर्व डोली का यहां पहुंचने पर पूर्व नंपअ गंगा पंवार, पं. जर्नादन गैड़ी, व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट पूर्व प्रधान कुसुमलता, एलपी सती, राजेन्द्र शाह, कुंवर खत्री, यशवंत शाह, रामचंद्र गौड़ सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

# स्कालर्स एकेडमी के होनहारों ने मारी बाजी

रुड़की। सीबीएसई के कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में स्कालर्स एकेडमी रुड़की के रौनक घोष ने 96.2, देबरुप दास ने 95.8, संजय चौहान ने 93.4, रिमझिम सैनी 93.2, श्रुति गुप्ता 92.8, मानव सचदेवा 92.6, सुरभि 92.4, महरीन 91.8, काव्या 91, उज्जवल वत्स 90.8, वरदान पुरी 90.4, आकाश सैनी 90 व अंशुल धीमान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय चेयरमैन श्याम सिंह नागयान, स्नेह नागयान व प्रधानाचार्य लीना शर्मा ने उन्हें बधाई दी।इंटर में डीपीएस के टॉपर बने तनिष कुमार

हरिद्वार। डीपीएस रानीपुर में तनिष कुमार मेहरा ने इंटर में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रेया कर्णवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक, श्रुति चहल ने 96.4, रीनव राय ने 95.6, अथर्व अग्रवाल ने 95.6, अंशुमा ने 95.4, मोनिका चौधरी ने 95.2, तुषार कुमार ने 95, आरुष सिंह ने 95 प्रतिशत और वैष्णवी सिंह ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। डीपीस रानीपुर के 13 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 अंक प्राप्त किए है।

हाईस्कूल में डीपीएस की कायरा अग्रवाल प्रथम

डीपीएस रानीपुर में कायरा अग्रवाल हाईस्कूल में 98.8 ने अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और संस्कृति सेन और अद्वैत मिश्रा ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त क्रमशः द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गोपेश सहगल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि नमित पंवार, नियांश उपाध्याय, वैष्णवी शर्मा व श्रेयांश अग्रवाल ने 98 प्रतितश, गोरिश बंसल ने 97.8, शुशांत मिश्रा, आग्रह राठौर, व अपूर्व ने 97.6 अंक प्राप्त किया।

## नर्सों की चिकित्सा सेवा की सराहना की

चमोली। अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नर्सों की चिकित्सा सेवाओं की सराहना की गई।

चिकित्सालय गोपेश्वर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर विश्व की पहली नर्स के सम्मान से सम्मानित सिस्टर फ्लोरेंस नाइटेंगल के फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रार्थना के साथ रोगियों के सेवा करने की शपथ ली गई।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीपी सिंह ने नर्सिंग कर्मियों एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की सराहना की गई। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ अलिंद पोखरियाल ने कहा नर्सिंग कार्मिकों ने कोरोना संकट काल में जिस तरह से नर्सिंग सेवाएं दी हैं। जिसकी पूरी दुनिया में सराहना की गई । अनुराधा बत्रा चीफ मेसन ने नर्सिंग कर्मियों को जनमानस के हित के लिए ,रोगी के कल्याण सेवा भाव से करने की अपील की।

इस अवसर पर उदय सिंह रावत, डॉ. अमित जैन ,डॉ. एसएन सिंह, डॉ. दिव्या पुनेठा ,डॉ. कुसुम, सिस्टर अंजली, प्रेमा , अरुण वर्मा ,दीपा शाह ,लक्ष्मी ,दुर्गा ,गंगोत्री, विमला मेसी आदि मौजूद रहे।

# जवाहर नवोदय पुरोला में अर्पणा और प्राची अव्वल

उत्तरकाशी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी शुक्रवार को जारी हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षा परिणाम में जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिर पुरोला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यहां इंटर मीडिएट की परीक्षा में बालिकाओं ने अपना परचम लहराया। विद्यालय में विज्ञान वर्ग की छात्रा अर्पणा रावत ने 95.4 व अंक प्राप्त, हाईस्कूल परीक्षा में प्राची ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। दोनो छात्रों की इस सफलता पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरीश चौहान ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत प्रतिशत रहा है। कहा कि यहां इंटर की परीक्षा में 82 छात्र–छात्रायें शामिल हुए। जिसमें श्रष्ठी ने 95 प्रतिशत तथा प्रीति जयाड़ा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त हासिल कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। जबकि वाणिज्य वर्ग में निर्मल रावत ने 89.8,कार्तिकेय ने 88.5 एवं यशपाल सिंह 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में अभिषेक व प्रियांशु नेगी 93.2 तथा प्रिंस 92.4 अंक के साथ द्वितीय एवं तीसरे स्थान पर रहे। बताया कि विद्यालय से इंटर में 82 तथा हाईस्कूल में 80 छात्र–छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा दी। जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों,अध्यापकों व अभिभावकों की मेहनत से ही परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

## रोवर्स और रेंजर को दिया प्रशिक्षण

चमोली। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के रोवर्स और रेंजर्स इकाई द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य योगेंद्र चंद सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ किया गया। शैक्षणिक सत्र के दौरान रोवर्स और रेंजर्स प्रशिक्षणार्थीयों को स्काउट एवं गाइड का संक्षिप्त इतिहास, उद्देश्य, प्रार्थना व झण्डागीत, नियम, प्रतिज्ञा बीपी सिम्स के बारे संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रोवर्स और रेंजर्स सह प्रभारी डॉ. ललित जोशी व डॉ. नीतू पांडे के साथ ही रोवर्स और रेंजर्स आदर्श, दर्शन,उर्मिला, भावना, नेहा, दिक्षांत आदि उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

नं. 75-W/3/WA/Publication दिनांक :11.05.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता / मुरादाबाद / मुरादाबाद द्वारा ई–टेण्डर निम्न टेण्डर नोटिस के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदाकार द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, फिक्सड डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 45-DRM-MB-23-24 Date :- 11.05.2023 | 46-DRM-MB-23-24 Date :- 11.05.2023 | 47-DRM-MB-23-24 Date :- 11.05.2023 | 48-DRM-MB-23-24 Date :- 11.05.2023 | 49-DRM-MB-23-24 Date :- 11.05.2023 |
|---|---|---|---|---|---|
| Name of work | Provision of combined 100 KLD sewage treatment plant/ Effluent treatment plant at Divisional railway hospital/ MB in the section of SSE/ W/North colony/ MB under ADEN/ HQ/MB. | Construction of boundary wall near station HQ/MB and its approaches as measure to safeguard track and establishment avoiding encroachment in MB Division (0/700-7/485), 1395/7-1395/8, 1404/0-1405/6 & 1386/0-1386/6. | All civil works in provision of RCW Track machine siding under different ADEN/DEN (RJK, CH, RG, AUR, ASF, BTG) over Moradabad Division. | Construction of pathway along the ART line 10 & SPRMV siding respectively. | Updating, reconciling, certification and computerisation of Land Plans for stations & Railway colony area in the section of Sr.DEN/ HQ/MB and Sr.DEN/ I/MB. Contingency of various track renewal works and (Est. No. 242/2022) REV. |
| Tender Closing Date Time | 08.06.2023 16:00 | 08.06.2023 16:00 | 08.06.2023 16:00 | 08.06.2023 16:00 | 08.06.2023 16:00 |
| Advertised Value (Rs.) | 87,02,640.05 | 3,57,89,919.38 | 21359835.58 | 1703831.38 | 9445092.70 |
| Earnest Money (Rs.) | 134100.00 | 328900.00 | 256800.00 | 35500.00 | 188900.00 |
| Tender Doc. Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 25.05.2023 | 25.05.2023 | 25.05.2023 | 25.05.2023 | 25.05.2023 |
| Period of Completion | 8 months | 8 months | 6 months | 4 months | 8 months |

1436/23

यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अदालती सूचना

**न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर (प्रथम श्रेणी) कोटद्वार गढ़वाल**
**राजस्व वाद संख्या 10 सन् 2021-2022**
**शीला देवी तथा अन्य — ––––––-वादीगण**
**बनाम्**
विमला देवी तथा अन्य – ––––––प्रतिवादीगण

समन बनाम- श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व0 श्यामलाल मिश्रा निवासी ग्राम बालासैड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार गढ़वाल, उत्तराखण्ड प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय, पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल, नगर निगम कोटद्वार गढ़वाल द्वारा नगर आयुक्त महोदय, कोटद्वार गढ़वाल, श्रीमती भारती रावत पत्नी स्व0 कौशलेन्द्र पाल सिंह, श्री विशाल रावत पुत्र स्व0 कौशलेन्द्र पाल सिंह, श्री वैभव रावत पुत्र स्व0 स्व0 कौशलेन्द्र पाल सिंह, निवासीगण ग्राम कौड़िया, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

चूकि वादीगण ने मेरे न्यायालय में आपके विरूद्ध एक वाद अन्तर्गत धारा 229 बी0 उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक 06.06.2023 को मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में बवक्त 10 बजे दिन हाजिर आकर मामले में जवाबदेही करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 28-04-2023 को जारी किया गया।

न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर
प्रथम श्रेणी
कोटद्वार गढ़वाल

## सम्पादकीय

# हरदा का उत्तराखंड प्रेम

उत्तराखंड की राजनीति में हरीश रावत के कद को लेकर सवाल उठते आए हैं लेकिन तमाम आलोचनाओं के बाद भी वे खुद को उत्तराखंड की राजनीति से कभी अलग नहीं कर पाए। दिल्ली से लेकर पंजाब तक की राजनीति में सम्मिलित होने के बाद भी उत्तराखंड के राजनीतिक मसलों पर अपनी बेबाक राय देने के साथ-साथ अपनी भागीदारी भी पेश करते आए हैं। इधर उम्र अब जवाब देने लगी है लेकिन इरादे अभी भी बुलंद ही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं और कहा कि भले ही 2017 में उनके नेतृत्व में अपेक्षित परिणाम नहीं दिए स्तर पर कांग्रेस पहुंची है उसको स्तर से उठाने का काम अभी भी उनके कंधों पर है। कर्नाटक चुनाव कांग्रेस की जीत की संभावना को लेकर हरीश रावत दिल्ली पहुंचे हैं और साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब दिल्ली उनका अंतिम राजनीतिक प्रवास होगा और वह अपना आगे का समय उत्तराखंड की राजनीति में ही करेंगे। 2017 के चुनाव में जी हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था तो वही 2022 के विधानसभा चुनाव में हरीश रावत अपनी दोनों ही सीटें हार गए और उन्हें राजनीतिक तौर पर एक बड़े अपमान का सामना करना पड़ा। हालांकि किधर हाईकमान ने उन्हें दिल्ली बुलाया और इसके बाद पंजाब में चुनाव प्रभारी की कमान सौंपी किंतु पंजाबी कांग्रेस के हाथ नहीं लगा। हरीश रावत उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में सक्रिय नजर आए और अब उन्होंने साफ कर दिया है कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के साथ-साथ 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर भी कांग्रेस के लिए पूरा समय देंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हरीश रावत का कद आज भी उत्तराखंड की राजनीति में प्रभाव छोड़ सकता है लेकिन इसके लिए सर्वप्रथम कांग्रेस की अंदरूनी कलह को समाप्त करने की बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। कांग्रेस इस समय अंदरूनी कलह के भंवर जाल में फंसी हुई है और यह कहा जाएगी बुरी तरह से बिखरी हुई भी है तो यह कहना गलत नहीं होगा। देखना तो यह है कि क्या वर्तमान कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को पार्टी के नेतृत्व के तौर पर स्वीकार करेंगे? एक बड़ा धड़ा हालांकि आज भी हरीश रावत के नेतृत्व पर विश्वास करता है लेकिन राजनीतिक विशेषण की बात करें तो लगातार दो चुनाव हार गए हरीश रावत के कट पर कुछ तो प्रभाव पड़ा ही है। क्या होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उत्तराखंड प्रदेश कॉन्ग्रेस की बुनियाद को मजबूत करने की क्या रणनीति तैयार करते हैं और क्या उनकी नीति में उन्हें संगठन का भरपूर सहयोग व समर्थन मिलेगा भी या वे इस बार फिर अकेले ना पड़े रह जाए।

# क्या अदीआन हारेंगे ? तुर्की में हवा बदली !

**श्रुति व्यास**

राजनैतिक हालात बदलते देर नहीं लगती। लोग कब बदल जाएं, उनके मूड-आशा और अपेक्षाओं में कब अचानक परिवर्तन आ जाए इसका कोई गांरटीशुदा जवाब नहीं दे सकता। लोगों की सोच धीरे-धीरे चुपचाप बदलती है और परिवर्तन अचानक!

ऐसा कुछ तुर्की में होता लगता है। तुर्की परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है। दुनिया की निगाहें उस पर हैं रिचेप तैय्यप अदीआन, जो एक समय अपनी साफ़-सुथिर छवि के कारण तुर्की की आशा माना जाते थे, लोगों को अपना बनाए रखने की जद्दोजहद कर रहे हैं। अदीआन ने तुर्की की अर्थव्यवस्था को उसके दुर्दिनों से बाहर निकलने और देश को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर उपयुक्त जगह दिलवाने के लिए जो किया, वह केवल तुर्की के संस्थापक कमल अतातुर्क से कमतर था। परन्तु 20 साल सत्ता में रहने के बाद अदीआन का आभामंडल फीका हो चला है, वे अब उतने अच्छे वक्ता नहीं रह गए हैं, वे उतनी चतुराई से राजनैतिक चालें नहीं चल पाते और आमजन अब उनसे उतने जुड़े हुए नहीं हैं। जनता पर उनकी पकड़ कमज़ोर हुई हैं। देश में गुस्सा और असंतोष है। राजनीति ध्रुवीकृत और अप्रजातांत्रिक हो गयी है और अर्थव्यवस्था ढलान पर है। अगर अपने अस्तित्व में आने के शुरूआती बरसों में तुर्की एक खिलता हुआ फूल था तो अब वह एक मुझाता हुआ फूल है। इस समय वह अपने के इतिहास सबसे बुरे दौर से गुज़र रहा है।

अदीआन ने उनके हाथों में पूरी शक्तियां सौंपे जाने के बदले तुर्की के लोगों को जो देने का वायदा किया था वह पूरा होता नज़र नहीं आ रहा है। युवा बदलाव चाहते हैं और उनके स्वर ऊंचे और तीखे हो चले हैं। सर्वेक्षणों से ऐसा लग रहा है कि कमाल किलिकडारोग्लू के नेतृत्व में संयुक्त विपक्ष जल्द होने वाले चुनावों में अदीआन की जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (ए.के.) और उसके गठबंधन दलों के हाथों से संसद का नियंत्रण छीन लेगा। यह भी लगता है कि अदीआन उसी दिन होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भी पीछे रह जाएंगे।

तो क्या होगा यदि रेचेप तैय्यप अदीआन अपनी सत्ता और तुर्की पर अपना नियंत्रण खो देंगे? क्या इससे तुर्की को फायदा होगा? क्या इससे दुनिया को कोई लाभ होगा?

अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण तुर्की को हमेशा से दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल रहा है। वह यूरोप और मध्यपूर्व के बीच है और उसकी अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वीं सबसे बड़ी है झ कनाडा, इटली और दक्षिण कोरिया से भी बड़ी। वह नाटो में निर्णायक भूमिका निभाता है।अदीआन के शासनकाल में देश की विदेश नीति में आधारभूत बदलाव हुए और उसे एक ऐसे राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया जिसकी अपनी स्वतंत्र आवाज़ है और जो अपने-आप में विश्व शक्ति है। शुरूआती दौर में उनका नारा था "जीरो प्रोब्लेम्स विथ नेबर्स" अर्थात पड़ोसी देशों के साथ तुर्की की सभी समस्याओं को हल किया जायेगा।अदीआन ने ईराक, लीबिया और सीरिया में सैन्य हस्तक्षेप किया, मेडिटेरेनीयन क्षेत्र में भूमि पर दावे किये, अन्य देशों में इस्लामिक स्कूल और अदालतें शुरू करवाईं और रूस और चीन को रिझाया।

परन्तु मिस्त्र में 2011 में अरब विद्रोहों के दौरान मुस्लिम ब्रदरहुड का समर्थन करने के कारण तुर्की के क्वॅर्टेट (बहरीन, मिस्त्र, सऊदी अरब और यूएई का एक अनौपचारिक गठबंधन) के साथ रिश्तों में तल्खी आ गयी। सऊदी एजेंटों द्वारा 2018 में इस्ताम्बुल में पत्रकार जमाल जमाल ख़ाशगूजी की हत्या और तुर्की द्वारा सऊदी अरब के प्रतिद्वंदी ईरान से व्यापारिक रिश्ते मज़बूत करने और तेल खरीदने के कारण यह कड़वाहट और बढ़ी।

इजराइल के साथ तुर्की के रिश्तों की शुरुआत बेहतर थी। इजराइल को मान्यता देना वाला तुर्की पहला मुस्लिम राष्ट्र था। परन्तु कुछ समय बाद ही अदीआन , फिलिस्तीनी राष्ट्रवाद की वकालत करने लगे और हमास के समर्थकों को अपने यहाँ पनाह देने लगे। जहाँ तक यूरोपियन यूनियन (ईयू) का सवाल है, तुर्की लम्बे समय से उसका हिस्सा बनने को आतुर रहा है। परन्तु अदीआन के कार्यकाल में इस बारे में बातचीत रूक सी गयी। कारण थे ईयू देशों में शरणार्थियों को पहुँचाने में मदद करना, आतंरिक प्रजातंत्र में कमी और प्रेस, नस्लीय अल्पसंख्यकों और असंतुष्टों और विपक्ष कोई कुचलने के प्रयास। जहाँ तक अमरीका का प्रश्न है, अदीआन के डोनाल्ड ट्रम्प के साथ काफी अच्छे सम्बन्ध थे (दोनों शायद एक सी सोच वाले हैं!)। अभी तुर्की और अमरीका के सम्बन्ध खट्टे-मीठे हैं।

अगर कमाल किलिकडारोग्लू और विपक्ष जीत जाते हैं तो देश की विदेश नीति में शायद कोई बदलाव नहीं होगा। हो सकता है कि तुर्की, स्वीडन के नाटो का सदस्य बनने के प्रयासों में अड़ंगा लगाना बंद कर दे परन्तु रूस के साथ उसकी नजदीकियां बनी रहेंगी। इस बात की कम ही सम्भावना है कि किलिकडारोग्लू सरकार रूस के खिलाफ प्रतिबन्ध लगाएगी या यूक्रेन की मदद करेगी। वह स्वयं को मध्यस्थ की भूमिका तक सीमित रखेगी। उसी तरह, सीरिया के कुर्द बागियों के प्रति तुर्की के दृष्टिकोण में भी कोई बदलाव नहीं आएगा।अदीआन की तरह विपक्षी भी तुर्की में रह रहे 36 लाख सीरियाई शरणार्थियों को वापस लौटाने और कुर्द उपद्रवियों पर नियंत्रण करने के लिए बशर अल असद पर निर्भर होंगे। ईयू के मुद्दे पर बातचीत फिर से शुरू हो जाएगी परन्तु कुछ बड़ा होने की सम्भावना कम ही है। कुल मिलाकार, विदेश नीति में कोई बड़ा बदलाव अपेक्षित नहीं है परन्तु इन मामलात के ज्ञाता कहते हैं कि कमाल किलिकडारोग्लू की जीत के बाद अंकारा और पश्चिमी देशों के बीच पेशेवराना और बेहतर सम्बन्ध बन सकेंगे। पश्चिमी देशों का मानना है कि किलिकडारोग्लू सरकार के साथ सबंध बनाना अधिक आसान होगा।



**इजराइल के साथ तुर्की के रिश्तों की शुरुआत बेहतर थी। इजराइल को मान्यता देना वाला तुर्की पहला मुस्लिम राष्ट्र था। परन्तु कुछ समय बाद ही अदीआन , फिलिस्तीनी राष्ट्रवाद की वकालत करने लगे और हमास के समर्थकों को अपने यहाँ पनाह देने लगे। जहाँ तक यूरोपियन यूनियन (ईयू) का सवाल है, तुर्की लम्बे समय से उसका हिस्सा बनने को आतुर रहा है। परन्तु अदीआन के कार्यकाल में इस बारे में बातचीत रूक सी गयी। कारण थे ईयू देशों में शरणार्थियों को पहुँचाने में मदद करना, आतंरिक प्रजातंत्र में कमी और प्रेस, नस्लीय अल्पसंख्यकों और असंतुष्टों और विपक्ष कोई कुचलने के प्रयास। जहाँ तक अमरीका का प्रश्न है, अदीआन के डोनाल्ड ट्रम्प के साथ काफी अच्छे सम्बन्ध थे (दोनों शायद एक सी सोच वाले हैं!)। अभी तुर्की और अमरीका के सम्बन्ध खट्टे-मीठे हैं।**
**अगर कमाल किलिकडारोग्लू और विपक्ष जीत जाते हैं तो देश की विदेश नीति में शायद कोई बदलाव नहीं होगा। हो सकता है कि तुर्की, स्वीडन के नाटो का सदस्य बनने के प्रयासों में अड़ंगा लगाना बंद कर दे परन्तु रूस के साथ उसकी नजदीकियां बनी रहेंगी।**

जहाँ तक तुर्की का खुद का सवाल है, सरकार में बदलाव हवा के एक सुखद झोंके की तरह होगा। भूकंप में हुई बर्बादी से उपजी आर्थिक बदहाली के चलते लोग एक दोस्ताना शासक चाहते हैं झ ऐसा शासक जो उनके साथ हमदर्दी रखता हो। और किलिकडारोग्लू को वे ऐसा नेता मानते हैं। किलिकडारोग्लू तुर्की के वर्तमान अस्थिर मति वाले नेता की कार्बन कॉपी नहीं बनना चाहते। वे यह भी नहीं चाहते कि उनकी छवि एक छत्तीस इंच की छाती वाले नेता की हो। वे अपने आप को एक आम पारिवारिक व्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहते है जो अपने मिडिल क्लास रसोईघर में भ्रष्टाचार के खिलाफ वीडियो बनाता है और बिना कोई शोर मचाये, तुर्की के बंटे हुए समाज को एक कर सकता है।

उन्होंने वायदा किया है कि वे अदालतों को उनकी आज़ादी लौटा देंगे, संसद को फिर से शक्तिशाली बनाएंगे और राष्ट्रपति को अपमानित करने सम्बन्धी कानून को रद्द कर देंगे। विपक्ष ने यह भी कहा है कि उनकी सरकार, चुने हुए मेयरों को बर्खास्त करने की अदीआन सरकार की नीति को पलट देगी और जिन लोगों को विद्रोह के बाद गलत ढंग से चलता कर दिया गया था, उन्हें वापस लाएगी। उसने यह भी कहा है कि निर्माण के ठेके देने में भ्रष्टाचार से सख्ती से निपटा जायेगा और महंगाई पर नियंत्रण लगाया जायेगा। मूलतः, तुर्की के लोगों को उम्मीद है कि अदीआन के काल में जो कुछ गलत हुआ है, वह सब ठीक हो जायेगा।

अदीआन के बिना तुर्की का एक नया रूप सामने आएगा। देश बदलेगा और दुनिया में उसकी इज्ज़त बढ़ेगी। परिवर्तन के लक्षण दिखलाई पड़ रहे हैं परन्तु यह उतना आसान नहीं होगा जितना लगता है। यह कहना गलत होगा कि किलिकडारोग्लू की जीत पक्की है। किलिकडारोग्लू सहित कई लोगों को लगता है कि अदीआन चुनावों में गड़बडियां करवा सकते हैं।

देश भी बुरी तरह ध्रुवीकृत है और अदीआन को अति-दक्षिणपंथियों का समर्थन हासिल है। तुर्की परिवर्तन के मुहाने पर तो है पर परिवर्तन होगा या नहीं, यह अभी कहना मुश्किल है।

# जंतर-मंतर का अखाड़ा

भाजपा नेतृत्व ने अगर बिल्कुल अल्पकालिक नजरिया अपना रखा हो, तो बात दीगर है। वरना, अगर पार्टी के अंदर किसी को अपने दीर्घकालिक भविष्य की चिंता है, तो उसे जंतर-मंतर से उठ रही आवाजों पर अवश्य ध्याना देना चाहिए।

पहलवानी के अंतरराष्ट्रीय अखाड़ों में भारत का नाम रोशन कर चुके पहलवानों को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अखाड़ा लगाना पड़ा, क्योंकि उनकी एक साधारण-सी मांग आज के सत्ता प्रतिष्ठान को मंजूर नहीं है। लेकिन देखते-देखते अब यह सिर्फ उनका अखाड़ा नहीं रह गया है। इस पर सत्ता पक्ष की तरफ से शिकायत जताई जा रही है कि पहलवानों के मुद्दे को अब सियासी रंग दिया जा रहा है। लेकिन यहां ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि भारतीय कुश्ती परिसंघ के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाते हुए जब पहली बार पहलवान जंतर-मंतर पर आए थे, तब उन्होंने वहां पहुंचने वाले राजनेताओं को अपने मंच पर बिल्कुल जगह नहीं दी थी। लेकिन जब तीन महीने तक गैर-राजनीतिक ढंग से अपनी मुहिम चलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्याय भावना पर भरोसा रखने के बावजूद उन्हें हताशा हाथ लगी, तो उसके लिए जिम्मेदार कौन है? बहरहाल, अब जंतर-मंतर सिर्फ विपक्षी राजनेताओं का ही नहीं, बल्कि किसानों और खाप पंचायत समेत तमाम तरह के सामाजिक संगठनों की गोलबंदी का भी केंद्र बन गया है।

रविवार को खाप पंचायतों और किसान संगठनों ने संघर्ष में अपनी ताकत झोंकने का इरादा जता दिया। इससे यह साफ संकेत मिला है कि जिस तरह 2020 में शुरू हुआ किसान आंदोलन लंबा चला था, अब यह संघर्ष भी लंबा चलेगा। भारतीय जनता पार्टी को संभवतः यह भरोसा है कि इससे उसके समर्थक तबकों पर कोई फर्क नहीं पड़ता, बल्कि जाट बनाम राजपूत का टकराव पैदा का लाभ उसे देश के कुछ इलाकों में मिलेगा और साथ ही हरियाणा में जाट बनाम गैर-जाट का उसका समीकरण पुख्ता होगा, मगर यह संघर्ष देश के एक बड़े हिस्से में उबलती रही जन-भावनाओं की एक और अभिव्यक्ति का मौका भी बन रहा है। इस मामले में भाजपा पर एक "दुराचारी" को बचाने के इल्जाम लग रहे हैं। किसी भी सियासी ताकत की राजनीतिक पूंजी इसी तरह धीरे-धीरे चूकती है। भाजपा नेतृत्व ने अगर बिल्कुल अल्पकालिक नजरिया अपना रखा है, तो उसे यह बात समझ में नहीं आएगी। लेकिन पार्टी के अंदर किसी को भी अपने दीर्घकालिक भविष्य की चिंता हो, तो उसे जंतर-मंतर से उठ रही आवाजों पर अवश्य ध्यान देना चाहिए।

# पवार से पार पाना मुश्किल

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय राजनीति में इस्तीफा कई बार बेहद प्रभावशाली हथियार के तौर पर इस्तेमाल होता है। प्रधानमंत्री रहते अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार अपने ऊपर बढ़ रहे दबाव को खत्म करने के लिए इस्तीफे का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि न टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं, आडवाणी जी के नेतृत्व में जीत की ओर से प्रस्थान करें। इसके बाद पूरी पार्टी उनके चरणों में नतमस्तक हो गई थी। बाल ठाकरे ने भी एक बार अपनी पार्टी पर अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने के लिए इस्तीफे का ऐलान किया था। 31 साल पहले 1992 में उन्होंने सीधे शिव सेना छोडऩे का ऐलान कर दिया था। उसके बाद सभी सांसद, विधायक, पार्षद और पार्टी के नेता उनके पीछ खड़े हो गए। सबने एक स्वर में कहा कि सरकार नहीं, साहेब चाहिए। उसके बाद फिर कभी शिव सेना में बाल ठाकरे को चुनौती नहीं झेलनी पड़ी, तब भी नहीं, जब उनके भतीजे राज ठाकरे पार्टी छोड़ कर गए।

शरद पवार ने भारतीय राजनीति में कई बार सफलतापूर्वक आजमाए जा चुके इस दांव को अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए आजमाया। अपने 60 साल के राजनीतिक करियर में और अपनी पार्टी के 24 साल के इतिहास में पहली बार शरद पवार को इस्तीफे का ब्रह्मास्त्र चलाना पड़ा। सो, भले इसको लेकर जो कुछ भी कहा जाए पर इतना मानना होगा कि मामला गंभीर था अन्यथा पवार को यह कदम नहीं उठाना पड़ता। मामले की गंभीरता दो वजह से समझ में आती है। पहली, एनसीपी पर नियंत्रण करने की अजित पवार की कोशिश और दूसरी अपनी सरकार बचाने या नया समीकरण बनाने के लिए पार्टी तोडऩे की भाजपा की कोशिश। ध्यान रहे भारतीय जनता पार्टी एनसीपी की ही तरह दूसरी मजबूत प्रादेशिक पार्टी शिव सेना को सफलतापूर्वक तोड़ चुकी है। पार्टी के संस्थापक बाल ठाकरे के परिवार के हाथ से असली पार्टी निकल गई है। अब एकनाथ शिंदे उस पार्टी के नेता हैं और राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

जिस तरह से एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का भाजपा का दांव शिव सेना को तोडऩे के काम आया वैसे ही अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने का दांव एनसीपी को तोडऩे के काम आ सकता था। अगर मीडिया में आई खबरों पर यकीन करें तो अजित पवार इसके काफी करीब पहुंच गए थे। बताया जा रहा था कि एनसीपी के 40 विधायक उने साथ हैं, जो अलग गुट बना कर भाजपा के साथ जाने को तैयार हैं। अगर



ऐसा होता तो भाजपा को अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने में कोई दिक्कत नहीं होती। जैसी कि चर्चा है सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एकनाथ शिंदे की सदस्यता समाप्त हो जाती और अगर ऐसा नहीं भी होता तो भाजपा को उनसे पीछे छुड़ाने में ज्यादा समय नहीं लगता। उनके जरिए शिव सेना को तोडऩे का मकसद पूरा हो गया है और अजित पवार के सहारे अगर एनसीपी टूट जाती तो उसके बाद भाजपा के लिए कोई बड़ी राजनीतिक चुनौती नहीं बचती। फिर टूटा बिखरा विपक्ष भाजपा से नहीं लड़ सकता था। चुनाव बहुकोणीय हो जाता, जिसमें भाजपा को स्पष्ट बढ़त मिलती।

इस तरह से कह सकते हैं कि शरद पवार ने सिर्फ अपने भतीजे अजित पवार का खेल नहीं बिगाड़ा है, बल्कि भाजपा का खेल भी खराब कर दिया है। यह दूसरी बार है, जब पवार ने भाजपा का खेल बिगाड़ा है। पहली बार 2019 में, जब राज्यपाल ने 23 नवंबर को तड़के देवेंद्र फडनवीस को मुख्यमंत्री और अजित पवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। पांच दिन में शरद पवार ने पूरा खेल पलट दिया था और उद्धव ठाकरे की कमान में महा विकास अघाड़ी की सरकार बनवा दी थी। दूसरी बार अप्रैल-मई में शरद पवार ने भाजपा का खेल बिगाड़ा है। उन्होंने फिर अजित पवार को शह देकर मात दे दी। इस पूरे घटनाक्रम से भाजपा को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है क्योंकि उसकी सरकार कोई खतरा नहीं है। अगर सुप्रीम कोर्ट से शिंदे और उनके साथ 15 अन्य विधायकों की सदस्यता समाप्त होती है तब भी सरकार को बहुमत रहेगा। लेकिन अजित पवार को इस पूरे प्रकरण से बड़ा झटका लगा है।

ध्यान रहे अब तक पवार परिवार की अंदरूनी खींचतान परदे के पीछे थे। लोगों को सूत्रों के हवाले से खबरें मिलती थीं। लेकिन इस बार शरद पवार ने सब कुछ सार्वजनिक कर दिया। उन्होंने एनसीपी के कार्यकर्ताओं को बता दिया कि पार्टी तोडऩे और उनसे छीनने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा नहीं पर घटनाओं से एनसीपी समर्थकों को समझ में आ गया कि सबके पीछे अजित पवार हैं। ध्यान रहे जब शरद पवार ने अपना इस्तीफा वापस लेने के लिए प्रेस कांफ्रेंस की तो उसमें अजित पवार मौजूद नहीं थे। इस बारे में पूछे जाने पर पवार सीनियर ने कहा कि हर प्रेस कांफ्रेंस में सारे नेता मौजूद रहें यह जरूरी नहीं है। उसके बाद उन्होंने कहा कि उनका कोई नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा के साथ नहीं जा रहा है लेकिन अगर कोई जाना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं है। इतने बड़े मौके पर अजित पवार की गैरमौजूदगी में कही गई शरद पवार की यह बात बहुत महत्व वाली है। उन्होंने बिल्ली के गले में घंटी बांध दी है, अजित पवार को विलेन बना दिया है।

**शरद पवार का दूसरा मकसद, जो इस घटनाक्रम से पूरा हुआ है वह ये है कि पार्टी के सभी नए और पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं का समर्थन उनको मिल गया है। उनके प्रति सहानुभूति भी बनी है और उनका कद भी बढ़ा है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यह मैसेज गया है कि पवार ने जो पार्टी बनाई और अपने खून-पसीने से सींचा उसे उनसे छीनने की कोशिश हो रही है। एक बीमार, बूढ़े आदमी का अपनी पार्टी को बचाने के लिए लडऩा किसी परफेक्ट इमोशनल फिल्मी ड्रामे की तरह है। अपना इस्तीफा वापस लेते हुए शरद पवार ने यह भी कहा कि बाहर के उनके दोस्तों ने भी उनसे इस्तीफा वापस लेने को कहा।**

शरद पवार का दूसरा मकसद, जो इस घटनाक्रम से पूरा हुआ है वह ये है कि पार्टी के सभी नए और पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं का समर्थन उनको मिल गया है। उनके प्रति सहानुभूति भी बनी है और उनका कद भी बढ़ा है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यह मैसेज गया है कि पवार ने जो पार्टी बनाई और अपने खून-पसीने से सींचा उसे उनसे छीनने की कोशिश हो रही है। एक बीमार, बूढ़े आदमी का अपनी पार्टी को बचाने के लिए लडऩा किसी परफेक्ट इमोशनल फिल्मी ड्रामे की तरह है। अपना इस्तीफा वापस लेते हुए शरद पवार ने यह भी कहा कि बाहर के उनके दोस्तों ने भी उनसे इस्तीफा वापस लेने को कहा। यह सही है कि राहुल गांधी, एमके स्टालिन, सीताराम येचुरी जैसे तमाम नेता चाहते थे कि पवार सीनियर का इस्तीफा वापस हो। इसका जिक्रकरके पवार ने यह भी दिखाया कि विपक्ष की राजनीति में उनका कद कितना बड़ा है और महाराष्ट्र के नहीं, बल्कि बाहर के लोग भी उनकी कितनी कद्र करते हैं।सहानुभूति हासिल करने और राष्ट्रीय नेता होने की धारणा मजबूत करने का फायदा यह होगा कि अब पार्टी संगठन के बारे में शरद पवार जो भी फैसला करेंगे उसे कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। इस घटनाक्रम से पहले अगर शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की कोशिश करते तो वह काम बहुत सहज तरीके से नहीं हो पाता। लेकिन अब इसमें कोई दिक्कत नहीं आएगी। वैसे पहले से ही पार्टी के तमाम पुराने नेता सुप्रिया सुले के साथ ज्यादा सहज रहे हैं। क्योंकि उनका तरीका अपने पिता वाला है। वे सबकी बात सुनने, विनम्रता से बात करने और सबको साथ लेकर चलने वाली हैं। दूसरे, उन्होंने अपने पिता की तरह दिल्ली में एक अखिल भारतीय नेटवर्क बनाया है। तमिलनाडु से लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश के नेताओं के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। संसद के भीतर और बाहर भी उनका अपना एक नेटवर्क है। तभी वे संसद के अंदर बोलती हैं तो सभी पार्टियों के नेता उनको सुनते हैं। दूसरी ओर अजित पवार का तरीका अपनी अधीनता बनवाने वाली है। वे धमकाने और झुकाने की राजनीति करते हैं, जिससे पार्टी के पुराने नेता उनके साथ सहज महसूस नहीं करते हैं। कुछ नए नेताओं के साथ भी इसी वजह से उनका टकराव हुआ है। अब सारे नए और पुराने नेता शरद पवार के प्रति समर्पित हैं, जिससे उनको कुछ भी करने की ताकत मिली है।

भारतीय जनता पार्टी के साथ नजदीकी दिखा कर अजित पवार राज्य की दूसरी विपक्षी पार्टियों, कांग्रेस और शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट का समर्थन और सहानुभूति पहले ही गंवा चुके हैं। विपक्षी पार्टियों के बीच उनकी विश्वसनीयता पहले ही कम हो गई थी। संजय राउत के साथ उनकी तू तू मैं मैं भी हो चुकी है। अब अपनी पार्टी में भी उनकी स्थिति कमजोर हुई है। तभी सवाल है कि अब वे क्या करेंगे? क्या अब भी वे पार्टी तोडऩे और भाजपा के साथ जाने का प्रयास करेंगे या जिस तरह से नवंबर 2019 में वापस लौट गए थे और अपने चाचा का नेतृत्व स्वीकार कर लिया था वैसा करेंगे? पहली बार शरद पवार ने उनकी वापसी पर गले लगाया था और उनको उप मुख्यमंत्री बनवा दिया था। इस बार शायद ऐसा न हो।

# कांग्रेस समझौते के मूड में नहीं है

कांग्रेस पार्टी विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए तैयार है लेकिन वह अपने हितों से समझौते के लिए तैयार नहीं है। वह कुछ राज्यों में अपने हिसाब से राजनीति कर रही है और वहां के क्षत्रप नेताओं से समझौता करने के मूड में नहीं है। इसमें दो राज्यों- दिल्ली और तेलंगाना का नाम खासतौर से लिया जा सकता है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस अकेले और आक्रामक राजनीति कर रही है, जो केंद्रीय संगठन की राजनीति से अलग है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जब सीबीआई का समन मिला तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने उनको फोन करके समर्थन जताया था लेकिन कांग्रेस के दूसरे नेता केजरीवाल पर लगातार हमला कर रहे हैं।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने उप राज्यपाल को चिी लिख कर कहा है कि केजरीवाल ने अपने बंगले की साज सज्जा पर 45 करोड़ नहीं, बल्कि 171 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उप राज्यपाल ने इस चिी को जांच के लिए मुख्य सचिव के पास भेजा है। इसी तरह पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने फीडबैक यूनिट के जरिए नेताओं की जासूसी कराने के मामले में केजरीवाल के ऊपर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की है।दिल्ली की तरह ही तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति के खिलाफ हमलावर है। कर्नाटक चुनाव के बीच प्रियंका गांधी वाड्रा ने तेलंगाना जाकर एक बड़ी रैली की, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार को जम कर निशाना बनाया।\

# क्या सलाद में टमाटर और खीरे को मिलाकर खाना चाहिए ?

सलाद भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है. क्योंकि इसमें लोग तरह-तरह की सब्जियों को शामिल करते हैं, जिनमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्वों की मौजूदगी होती है. कई लोग खीरे और टमाटर को भी सलाद का हिस्सा बनाते हैं. अब सवाल उठता है कि क्या खीरे और टमाटर को एक साथ मिलाकर खाया जा सकता है? क्या वास्तव में इन दोनों सब्जियों का मेल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है? आइए जानते हैं...हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि खीरा शरीर को हाइड्रेटेड रखने का काम करता है. इसे खाने के वैसे तो कई फायदे हैं. लेकिन अगर आप टमाटर के साथ मिलाकर खीरा खाएंगे तो इसके कई नुकसान देखने को मिल सकते हैं. दरअसल खीरे में एक गुण होता है, जो विटामिन ष्ट को सही से अब्जॉर्ब करने नहीं देता. एक्सपर्ट कहते हैं कि खीरे और टमाटर के कॉम्बिनेशन से बॉडी में एसिड बनने लगता है, जो सूजन का कारण बनता है.

टमाटर और खीरे को एक साथ नहीं मिलाना चाहिए?कुछ फूड आइटम्स ऐसे होते हैं, जिन्हें डाइजेस्ट करना मुश्किल होता है. जबकि कुछ आसानी से पच जाते हैं. खीरे और टमाटर के साथ भी यही समस्या है. इन दोनों को एक साथ खाने से पेट में दर्द, गैस और थकान की समस्या पैदा हो सकती है. सलाद में टमाटर और खीरे को एक साथ मिलाकर खाने से मेटाबोलिज्म रेट भी कम होता है. क्योंकि सलाद में मौजूद अलग-अलग कंपोनेंट को डाइजेस्ट होने में वक्त लगता है.

कई अध्ययन बताते हैं कि खीरे को डाइजेस्ट करना आसान होता है और यह जल्दी पच जाता है. जबकि टमाटर को पचाना मुश्किल होता है और इसे डाइजेस्ट करने में काफी वक्त लगता है. जब दो अलग-अलग खाद्य पदार्थों को मिलाया जाता है तो फर्मेंटेशन प्रोसेस शुरू हो जाता है, जिसकी वजह से गैस की दिक्कत होने लगती है. सिर्फ इतना ही नहीं, कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. हालांकि एक रिपोर्ट के मुताबिक, खीरे और टमाटर को एक साथ खाया जा सकता है. क्योंकि यह दोनों सब्जियां विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं. अगर आपको कोई दिक्कत नहीं है तो आप और भी सब्जियों को सलाद का हिस्सा बना सकते हैं.

## एनआईए ने बंगाल में रामनवमी हिंसा की जांच अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में पश्चिम बंगाल में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा की जांच अपने हाथ में ले ली है। एनआईए ने 30 मार्च को हावड़ा और हुगली जिलों में हुई हिंसा और आगजनी की घटनाओं के संबंध में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत छह नई प्राथमिकी दर्ज की हैं।

जांच को एनआईए को स्थानांतरित करने का निर्णय कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक पूर्व निर्देश के अनुपालन में हुआ, इसमें एजेंसी को मामले की जिम्मेदारी लेने के लिए कहा गया था। एजेंसी ने एक विशेष अदालत के समक्ष एक याचिका भी दायर की, इसमें सभी केस डायरियों को अपने कब्जे में लेने और सभी गिरफ्तार आरोपियों को पश्चिम बंगाल पुलिस से हिरासत में लेने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

रामनवमी के जुलूस के दौरान हिंसा की घटनाओं ने पश्चिम बंगाल में अशांति पैदा कर दी थी।

## यूपी में प्रिंसिपल पर दूसरी कक्षा के छात्र को प्रताड़ित करने का मामला दर्ज

**लखनऊ, एजेंसी।** ठाकुरगंज के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल पर आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम के तहत प्रवेश पाने वाले दूसरी कक्षा के छात्र को कथित रूप से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया गया है। बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल प्रीति यादव उनके बेटे को आरटीई के जरिए प्रवेश देने से नाखुश थीं।

पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया, वह आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रों को ताना मारती थीं।

उन्होंने कहा, 5 मई को प्रिंसिपल ने मेरे बेटे को पीटा और उसे ताना मारा। जब वह घर लौटा, तो उसे तेज बुखार था।

उन्होंने कहा, वह थोड़ी देर बाद बेहोश हो गया। हम उसे अस्पताल ले गए, उसका अभी भी इलाज चल रहा है। मेरे बेटे को स्कूल प्रशासन और प्रिंसिपल द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। एसएचओ ठाकुरगंज विकास राय ने बताया कि प्रिंसिपल के खिलाफ छात्र को पीट कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला दर्ज किया गया है।

## पवन कल्याण ने दिया संकेत, आंध्र के मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं

**अमरावती, एजेंसी।** अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण ने गुरुवार को संकेत दिया कि उनकी आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा है। कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कि जद–एस नेता एच.डी. कुमारस्वामी केवल 30 विधानसभा सीटें जीतकर मुख्यमंत्री बने, जन सेना पार्टी के नेता ने कहा कि अगर लोगों ने उन्हें 2019 में 40 सीटें दी होतीं, तो वे भी मुख्यमंत्री पद की मांग करते। यहां मंगलागिरि में जेएसपी कार्यालय में संवाददाताओं से बात करते हुए अभिनेता–राजनेता ने कहा कि अगर वह मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, तो ऐसा कहने में उन्हें संकोच नहीं होगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि वह तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहेंगे। मैं अपनी ताकत दिखाऊंगा और पूछूंगा।पवन की पार्टी, जिसने 2019 के चुनावों में वाम दलों और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन किया था, 175 सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ एक सीट जीत सकी। अभिनेता खुद उन दोनों सीटों पर हार गए, जिन पर उन्होंने चुनाव लड़ा था। उन्होंने गुरुवार को स्पष्ट किया कि जेएसपी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के शासन को समाप्त करने के लिए प्रमुख दलों के साथ गठबंधन की तलाश कर रही है।

# उत्तर रेलवे के 130 रेलवे स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' वाले स्टॉल खोले गए

**जयन्त प्रतिनिधि**

**दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' विजन को बढ़ावा देने, स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के लिए एक बाजार प्रदान करने और समाज के वंचितों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देना और स्थानीय/देशी उत्पादों को एक बाजार प्रदान करके विक्रेताओं और उनके परिवारों का जीवन बदलना है।

इस योजना के अंतर्गत, स्वदेशी/स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने, बेचने और अधिकतम लोगों की नजरों में लाने के लिए ये स्टॉल आवंटित किये जाते हैं। इस योजना की शुरूआत 25 मार्च 2022 को की गई और 1 मई 2023 को इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित उत्तर रेलवे के 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 130 रेलवे स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' वाले स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टालों को एकरूपता के लिए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के माध्यम से इन्हें डिजाइन किया गया है। 'एक स्टेशन एक उत्पाद' वह विशिष्ट स्टॉल हैं जहां स्वदेशी लोगों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार हथकरघा, विश्व प्रसिद्ध लकड़ी की नक्काशी जैसे हस्तशिल्प, कपड़े पर चिकनकारी और जरी-जरदोजी का काम, अथवा मसाले चाय, कॉफी और अन्य संसाधित/अर्द्ध संसाधित खाद्य मदें/उत्पाद तथा स्थानीय स्तर पर उगाए गए प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ/उत्पाद बेचे जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत हथकरघा पारंपरिक परिधान, स्थानीय कृषि उपज प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय उत्पादों को लोकप्रिय बनाना है तथा विक्रेताओं को एक स्थान पर विभिन्न वस्तुओं की बिक्री कर विभिन्न वर्गों के लोगों तथा उनके परिवार का उत्थान किया जाना सम्मलित है।

इन स्टॉलों पर विभिन्न स्थानीय उत्पाद उदाहरण के लिए, हरियाणा में सेरेमिक मदें, हिमाचल प्रदेश में हथकरघा, पंजाब में पंजाबी जुत्ती, उत्तर प्रदेश में पीतल की मदें और कालीन, उत्तराखंड में स्थानीय हथकरघा, जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में कश्मीरी गिरदा, कश्मीरी कहवा और सूखे मेवे, चंडीगढ़ में लकड़ी की नक्काशी वाली मदें और दिल्ली में प्रसंस्कृत/अर्ध प्रसंस्कृत खाद्य, ऑरगैनिक खाद्य मदें और हाथों के बने बैग इत्यादि शामिल हैं।

## पाक राष्ट्रपति अल्वी ने इमरान खान से की मुलाकात

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा इमरान खान की गिरफ्तारी को 'गैरकानूनीइ घोषित किए जाने के बाद, पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने पुलिस लाइंस के रेस्ट हाउस में पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के अध्यक्ष से मुलाकात की, जहां वह ठहरे हुए हैं। द न्यूज ने बताया कि सूत्रों के मुताबिक, पाक राष्ट्रपति ने पीटीआई प्रमुख को देश की स्थिति और उनकी गिरफ्तारी पर सैन्य अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत और इसके मद्देनजर स्थिति के बारे में जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि खान ने बाद में गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद को फोन किया।

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट घोषित, 87.33प्रतिशत हुए पास; त्रिवेंद्रम 99.91 प्रतिशत के साथ टॉप पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीएसई कक्षा 12 का रिजल्ट जारी हो चुका है। इस बार कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87.33प्रतिशत है। बोर्ड ने अभी तक तो सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया है, हालांकि जानकारी के मुताबिक 10वीं का रिजल्ट भी आज ही जारी किया जाएगा। बता दें कि त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास प्रतिशत के साथ टॉप पर है। लड़कियां 90.68 पास प्रतिशत के साथ लड़कों से 6.01प्रतिशत आगे हैं। अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए सीबीएसई अपने छात्रों को फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड डिवीजन नहीं देगा।

**रीजन वाइज ऐसा रहा रिजल्ट**

त्रिवेंद्रम– 99.91 फीसदी, बंगलुरू – 98.64 फीसदी, चेन्नई – 97.40 फीसदी, दिल्ली वेस्ट – 93.24 फीसदी, चंडीगढ़ – 91.84 फीसदी, दिल्ली ईस्ट – 91.50 फीसदी, अजमेर – 89.27 फीसदी, पुणे – 87.28 फीसदी, पंचकुला – 86.93 फीसदी, पटना – 85.47 फीसदी, भुवनेश्वर – 83.73 फीसदी, गुवाहाटी– 83.73 फीसदी, भोपाल – 83.54 फीसदी, नोएडा – 80.36 फीसदी, देहरादून – 80.26 फीसदी, प्रयागराज – 78.05 फीसदी ,गौर हो कि 11 मई को रिजल्ट जारी होने की सूचना वायरल हो रही थी, जिस पर बोर्ड के अधिकारियों ने कहा था कि अभी रिजल्ट की डेट नहीं घोषित की गई है।

## ब्रिटेन में सिख किशोर की चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में दो को उम्रकैद

**लंदन ,एजेंसी।** 2021 में 16 वर्षीय सिख लड़के की हत्या करने के आरोप में दो किशोरों को जेल की सजा सुनाई गई है, जिसे उन्होंने गलती से पश्चिम लंदन में एक प्रतिद्वंद्वी गिरोह का सदस्य समझ लिया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। हिलिंगडन के 18 वर्षीय वनुशन बालकृष्णन और इलियास सुलेमान को ओल्ड बेली में ऋषिमीत सिंह की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में सजा सुनाई गई।

पुलिस ने कहा कि बालाकृष्णन को कम से कम 24 साल की सजा काटने के लिए और सुलेमान को कम से कम 21 साल की सजा काटने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।ऋषिमीत की मां गुलिंदर ने एक बयान में कहा, आखिरकार रिश्मीत को न्याय मिला है, लेकिन उनकी सजा मेरे लिए कभी भी काफी नहीं होगी। उन्होंने मेरी पूरी जिंदगी मुझसे छीन ली है और रिश्मीत फिर कभी घर नहीं आएगा।अफगानिस्तान से शरण लेने के लिए अपनी मां और दादी के साथ अक्टूबर 2019 में ब्रिटेन आए ऋषिमीत को 15 बार चाकू मारा गया था। ऋषिमीत के पिता को तालिबान ने मार डाला था, और कुछ ही समय बाद उन्होंने युवा लड़के का अपहरण करने की कोशिश की और परिवार को यूके भागने के लिए मजबूर किया।मेट्स स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड से डिटेक्टिव इंस्पेक्टर लॉरा सेम्पल ने कहा, ऋषिमीत एक मासूम, 16 साल का युवा था, जिसके आगे उसकी पूरी ज़िंदगी पड़ी थी। उसने अपने दोस्तों के साथ एक सुखद शाम बिताई थी और घर की छोटी पैदल यात्रा कर रहा था, जब बालकृष्णन व सुलेमान ने उसका पीछा किया और चाकू मारकर हत्या कर दी।

# शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों को दिया निर्देश, यौन उत्पीड़न समितियों का गठन सुनिश्चित करें

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि सभी मंत्रालयों और विभागों में यौन उत्पीड़न समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2013 के यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम (पीओएसएच) को लागू करने में गंभीर खामियां हैं।



न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि अनुचित तरीके से गठित यौन उत्पीड़न समिति कार्यस्थल पर जांच करने में एक बाधा होगी, जैसा कि कानून और नियमों के तहत उल्लिखित है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह व्यर्थ होगा कि अनुचित तरीके से तैयार कोई समिति आधी–अधूरी जांच कराए, जिसके संबंधित कर्मचारी को बड़ा दंड देने जैसे गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जैसे दोषी कर्मचारी पर बड़ा जुर्माना लगाया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि केंद्रीय सरकार, सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सत्यापित करने के लिए एक समयबद्ध कवायद करने का निर्देश दिया जाता है कि सभी संबंधित मंत्रालयों, विभागों, सरकारी संगठनों, प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, संस्थानों, निकायों आदि में समितियों का गठन हो और उक्त समितियों की संरचना सख्ती से पीओएसएच अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप हो।

पीठ ने कहा कि भारत संघ, सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सत्यापित करने के लिए एक समयबद्ध कवायद करने का निर्देश दिया जाता है कि सभी संबंधित मंत्रालयों, विभागों, सरकारी संगठनों, प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, संस्थानों, निकायों आदि में समितियों का गठन हो और उक्त समितियों की संरचना सख्ती से पीओएसएच अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप हो।

पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समितियों के गठन और संरचना के संबंध में आवश्यक जानकारी, नामित व्यक्तियों के ई–मेल आईडी और संपर्क नंबरों का विवरण, ऑनलाइन शिकायत प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया, साथ ही प्रासंगिक नियम, विनियम और आंतरिक नीतियां संबंधित प्राधिकरण / कार्यकारी / संगठन /संस्था/निकाय की वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध हो। अदालत ने कहा कि प्रस्तुत जानकारी को समय–समय पर अपडेट भी किया जाए।

शीर्ष अदालत का यह निर्देश गोवा विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष ऑरेलियानो फर्नांडिस की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया है।ऑरेलियानो फर्नांडिस ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

उच्च न्यायालय ने गोवा विश्वविद्यालय (अनुशासनात्मक प्राधिकरण) की कार्यकारी परिषद के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी थी। परिषद ने उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया था और उन्हें भविष्य के रोजगार के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। शीर्ष अदालत ने जांच की कार्यवाही में प्रक्रियात्मक चूक और नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

न्यायालय ने केंद्र और सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आठ सप्ताह के भीतर अनुपालन की रिपोर्ट देने के लिए अपना हलफनामा दाखिल करें। शीर्ष अदालत ने दिशा–निर्देश जारी करते हुए कहा कि इसका शीर्ष स्तर और राज्य स्तर पर पेशेवरों के सभी वैधानिक निकायों (डॉक्टरों, वकीलों, वास्तुकारों, चार्टर्ड एकाउंटेंट, इंजीनियरों, बैंकरों और अन्य पेशेवर), विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, प्रशिक्षण केंद्रों और शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी और निजी अस्पतालों/नर्सिंग होम द्वारा भी पालन किया जाए।

पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि फैसले की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजी जाए, जो सभी संबंधित मामलों में इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। पीठ ने आगे कहा कि जारी किए गए निर्देशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना भारत सरकार के मंत्रालयों के सचिवों और प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के मुख्य सचिवों की जिम्मेदारी होगी।

# सीबीआई ने समीर वानखेड़े और चार अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**मुंबई, एजेंसी।** सीबीआई के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह एफआईआर उनके खिलाफ कथित रूप से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के मामले में दर्ज की गई है। आर्यन खान को 2 अक्टूबर, 2021 को कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर एक कथित ड्रग बस्ट केस में गिरफ्तार किया गया था। एफआईआर में सीबीआई ने समीर वानखेड़े के अलावा विश्व विजय सिंह, तत्कालीन अधीक्षक, ठउइ; मुंबई जोनल यूनिट, ठउइ के तत्कालीन खुफिया अधिकारी आशीष रंजन; के. पी. गोसावी और सांविल डिसूजा और अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर भी आरोप लगाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि इन सभी लोगों ने अनुचित



29 ठिकानों पर मारा छापा

लाभ प्राप्त करने के लिए अन्य लोगों के साथ आपराधिक साजिश रची थी साथ ही कथित रूप से अभियुक्तों से रिश्वत के रूप में अनुचित लाभ प्राप्त किया। सीबीआई अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस संबंध में आज मुंबई, दिल्ली, रांची, लखनऊ, चेन्नई और गुवाहाटी आदि में लगभग 29 स्थानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, वस्तुएं और नकदी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि मामले में जांच जारी है। आरोप है कि आईआरएस अधिकारी वानखेड़े और अन्य ने आर्यन खान को ड्रग मामले में ना फंसाने के लिए कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की मांग की थी। इतना ही नहीं, सीबीआई को जानकारी मिली कि अधिकारी और उसके साथी ने कथित तौर पर 50 लाख रुपये अग्रिम के तौर पर वसूले थे।

बता दें कि एनसीबी ने ड्रग्स–ऑन–क्रूज मामले में चार्जशीट दायर की थी। उसने बाद में आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी थी। वहीं, एनसीबी द्वारा गठित एक एसआईटी की रिपोर्ट में भी दावा किया गया था कि समीर वानखेड़े के नेतृत्व वाली जांच में चूक हुई थी।

## अगले 6 घंटे में खतरनाक होगा साइक्लोन मोचा, 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चक्रवात मोचा पर भारतीय मौसम विभाग ने बड़ा अपडेट दिया है। अगले 6 घंटे में बताया जा रहा है कि चक्रवात घातक रूप अख्तियार कर सकता है। यह बंगाल की खाड़ी में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। चक्रवात लगातार उत्तर–उत्तर पूर्व की तरफ बढ़ रहा है। चक्रवात की आशंकाओं के बीच नेशनल डिजास्टर मैनेजमें अथॉरिटी ने पश्चिम बंगाल में कई टीमें तैनात की हैं। इनके अलावा त्रिपुरा, मिजोरम और उत्तर पूर्व के कुछ राज्यों में हल्की से भारी बारिश का अनुमान है।

चक्रवात के बांग्लादेश में कॉक्स बाजार और म्यांमार में क्यौप्यू के बीच दक्षिण पूर्वी म्यांमार और उत्तरी म्यांमार के तटों को पार करने की संभावना है।

# केजीएमयू कैंपस में कुत्तों ने दो डॉक्टरों समेत पांच पर किया हमला

**लखनऊ , एजेंसी।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) परिसर के अंदर एक आवारा कुत्ते के हमले में दो रेजिडेंट डॉक्टर और तीन अन्य घायल हो गए। एक साल में उत्तर प्रदेश की राजधानी में कुत्तों के हमले का यह 16वां बड़ा मामला है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने लखनऊ नगर निगम को सूचित किया, जिसने परिसर में एक टीम भेजी और पाया कि कुत्ते की मृत्यु हो गई थी।

हालांकि मौत का कारण अज्ञात है, अधिकारियों ने कहा कि कुत्ता रेबीज से पीड़ित था।

केजीएमयू के अधिकारियों ने कहा कि परिसर में रेडियोलॉजी विभाग के बाहर लोगों पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया और दो रेजिडेंट डॉक्टरों, दो पैरामेडिकल स्टाफ और एक मरीज के परिचारक को काट लिया।चिकित्सकर्मी सुषमा यादव और संजय गुप्ता को अन्य कर्मचारियों ने बचाया।सुषमा यादव ने संवाददाताओं से कहा, मैं रेडियो डायग्नोस्टिक विभाग से बाहर आ रही थी, तभी एक आवारा कुत्ता आया और मेरे दाहिने पैर पर काट लिया। मैं चिल्लाई, लेकिन इसने फिर से मेरे दाहिने हाथ पर हमला कर दिया।उरके दाहिने पैर में दो इंच लंबा खुला घाव था, जबकि संजय गुप्ता के बाएं पैर में एक इंच का घाव था।केजीएमयू के प्रवक्ता सुधीर सिंह ने कहा, 'घटना के बाद मैंने एलएमसी को कुत्ते को पकडने के लिए कहा, लेकिन टीम के आने से पहले ही वह मरा हुआ मिला।इएलएमसी के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने कहा, कुत्ता रेबीज से पीड़ित था। यह बीमारी कुत्तों को आक्रामक बना देती है और वे संक्रमित होने के एक सप्ताह के भीतर मर जाते हैं।शहर के पशुचिकित्सक ने भी कहा कि रेबीज ने कुत्ते को बेचैन, आक्रामक और खूंखार बना दिया था। पशु चिकित्सक डॉ. रजनीश चंद्रा ने कहा, पीड़ितों को रेबीज के लिए एंटीबॉडी के साथ–साथ एंटी–रेबीज वैक्सीन देने की जरूरत है, क्योंकि मनुष्यों में वायरस सीधे तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है, इससे पक्षाघात या मृत्यु हो जाती है।

## सीएम भगवंत मान का ऐलान, पंजाब में अब औद्योगिक जमीन के लिए इस्तेमाल होगा हरे रंग का स्टांप पेपर

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पंजाब सरकार ने राज्य में उद्योग धंधे लगाने के लिए हरे रंग का स्टाम्प पेपर शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को यह जानकारी एक वीडियो के माध्यम से सांझा की। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कोई उद्योगपति राज्य में कोई फैक्टरी लगाने के लिए 20 एकड़ जमीन चिह्नित करता है तो उसे इनवेस्ट पंजाब के पोर्टल पर या कार्यालय में आकर जमीन का स्थान और खसरा नंबर की जानकारी देनी होगी। उसके बाद सीएलयू की टीम दस दिन के भीतर जगह का मुआयना कर मंजूरी देगी।

मान ने कहा कि इस प्रक्रिया के बाद उद्योगपति को हरे रंग का स्टाम्प लेना होगा जो अन्य स्टाम्प से थोड़ा महंगा है। उन्होंने कहा कि इस स्टाम्प में सीएलयू, वन विभाग, पर्यावरण और दमकल विभाग से संबधित सभी (एनओसी) का धन इसमें शामिल कर लिए जायेंगे। इसके 10, 12 दिन बाद जब भी रजिस्टरी हो जाती है तब उद्योगपति उद्योगपति फैक्टरी का निर्माण शुरू कर सकता है। फैक्टरी बनने के सीएलयू, वन, पर्यावरण और दमकल विभाग से संबधित सभी विभाग की क्लीयरेंस मोहर एक स्टाम्प (हरा स्टाम्प) पर लगा दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि हरा स्टाम्प का अर्थ है कि उद्योगपति ने संबंधित सभी विभागों की एनओसी ली हुई हैं। उन्होंने कहा कि इससे व्यापारियों और उद्योगपतियों को कार्यालयों के चक्कर काटने से राहत मिलेगी।

## पीछा किए जाने के बाद छात्रा ने स्कूल जाना किया बंद

**हरदोई, एजेंसी।** 20 वर्षीय एक स्थानीय युवक द्वारा पीछा किए जाने के बाद 15 वर्षीय एक लड़की ने स्कूल जाना बंद कर दिया। आरोपी ने दोस्ती स्वीकार नहीं करने पर उसके माता–पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में लड़की के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक, हरदोई, राजेश द्विवेदी ने कहा, हमने टीमें बनाई हैं और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और युवकों को पकडने के लिए मुखबिर नेटवर्क को भी सक्रिय कर दिया गया है।प्राथमिकी के अनुसार, लड़की एक निजी स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है और उसने पीछा करने वाले के डर से एक महीने से स्कूल जाना बंद कर दिया है। लड़की के पिता का आरोप है कि गांव मोहब्बतपुर का पुनीत सिंह उसकी बेटी को स्कूल जाने पर रोज परेशान करता था।

# दिल्ली, महाराष्ट्र पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ऐतिहासिक, भाजपा हर मोर्चे पर हारी : सिंघवी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस ने गुरुवार को दिल्ली और महाराष्ट्र के मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा राजनीतिक और नैतिक सहित कई मोची पर हार गई है। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी नेता अभिषेक मनु सिंघवी, जो क्रमशः दिल्ली सरकार और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट दोनों मामलों में वकील थे, ने कहा : आज हमारे पास सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसले हैं। ये ऐसे फैसले हैं, जिन्होंने भाजपा की अपवित्र, अलोकतांत्रिक और बदसूरत प्रकृति को उजागर किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सभी मोची पर झ्र कानूनी, नैतिक, राजनीतिक रूप से हार गई है।

दिल्ली सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा : विशेष रूप से दिल्ली के लोगों के लिए खास है। दिल्ली को अब नामित एलजी या एलजी नियंत्रित नौकरशाही द्वारा नहीं चलाया जाएगा, दिल्ली को लोकतंत्र के प्रतिनिधि द्वारा चलाया जाएगा।

उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुरुवार को सिविल सेवकों के तबादलों और पोस्टिंग पर प्रशासनिक नियंत्रण के संबंध में राज्य सरकार और केंद्र के बीच एक मामले में दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद आई है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार का एनसीटी की विधायी शक्तियों के बाहर के क्षेत्रों को छोड़कर सेवाओं के प्रशासन में नौकरशाहों पर नियंत्रण होना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उपराज्यपाल भूमि, सार्वजनिक व्यवस्था और पुलिस से संबंधित मामलों को छोड़कर एनसीटी सरकार की सहायता और सलाह लेने से बंधे हैं।राज्यसभा सांसद सिंघवी ने महाराष्ट्र के मुद्दे पर कहा, महाराष्ट्र पर मुझे पता है कि आप मुझसे राहत के बारे में पूछेंगे, गेंद अब स्पीकर के पाले में है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण यह कि महाराष्ट्र मामले में सभी प्रासंगिक कानूनी निष्कर्ष याचिकाकर्ताओं के पक्ष में थे।

उन्होंने कहा, और इसीलिए मैंने कहा कि कानूनी, नैतिक, नैतिक और राजनीतिक रूप से, उत्तरदाताओं को हार का सामना करना पड़ा है, भले ही यथास्थिति बहाल नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के व्हिप को अवैध ठहराया गया, दूसरा उस अवैध व्हिप को स्पीकर द्वारा मान्यता देना ही अवैध था, और तीसरा स्पीकर द्वारा पूरे शिंदे गुट की मान्यता को अवैध ठहराया गया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि फैसला कहता है कि स्पीकर को लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द फैसला करना चाहिए।

उन्होंने कहा, यदि सदन अध्यक्ष देरी नहीं करते हैं, यदि अध्यक्ष लंबित अयोग्यता याचिकाओं का फैसला करते हैं, तो अयोग्यता के अलावा कोई अन्य परिणाम संभव नहीं है।

# बंग्लादेश दौरे के बीच भारत आयेगा अफगानिस्तान



लंदन । बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के क्रिकेट परिचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने दावा किया कि अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम अपने बंगलादेश दौरे के बीच में एक श्रृंखला खेलने के लिये भारत आयेगी।

अफगानिस्तान को अगले महीने दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने के लिए बंगलादेश जाना था, हालांकि हाल ही में घोषणा की गयी कि एक टेस्ट को कार्यक्रम से हटा दिया गया है।

यूनुस ने गुरुवार को इंग्लैंड में संवाददाताओं से कहा कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अनुरोध किया है कि उनकी टीम एक टेस्ट खेलना चाहती है और फिर भारत में एक श्रृंखला खेलकर बंगलादेश लौटना चाहती है।

यूनुस ने कहा, अफगानिस्तान के साथ हमारे दो टेस्ट थे लेकिन हमने इसमें से एक टेस्ट को बाहर कर दिया है और अब हम एक टेस्ट के साथ तीन वनडे और दो टी20 मैच खेलेंगे। हम अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ चर्चा कर रहे हैं और उम्मीद है कि एक या दो दिन के भीतर हम आयोजन स्थल को अंतिम रूप देंगे।

उन्होंने कहा, वे एक प्रारूप खेलने के बाद भारत जाना चाहते थे। यहां हम एक टेस्ट खेलेंगे और बाद में वे ईद उल अज़हा के दौरान श्रृंखला खेलने के लिये भारत जाएंगे। भारत में खेलने के बाद श्रृंखला के शेष सत्र में खेलने के लिए वे बंगलादेश लौट आयेंगे। वे (एसीबी) भारत सीरीज से बहुत उत्साहित हैं और इसके बाद उन्होंने हमसे नये कार्यक्रम में खेलने का अनुरोध किया। हमने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

क्रिकबज के अनुसार यह एकमात्र टेस्ट 10 जून से 19 जून के बीच खेला जा सकता है। अपनी बंगलादेश यात्रा से पहले, अफगानिस्तान तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के लिये श्रीलंका की यात्रा करेगा।

# चहल बने आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज



कोलकाता ,। राजस्थान रॉयल्स के लेग–स्पिनर युजवेंद्र चहल ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये।

चहल ने मैच के अपने पहले ही ओवर में केकेआर के कप्तान नीतीश राणा का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। चहल के नाम अब 143 मैचों में 184 विकेट हो गये हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो के 183 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

चहल ने 2022 सीजन् की 17 पारियों में 27 विकेट लेकर पर्पल कैप जीता था और उपविजेता रॉयल्स को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस के पीयूष चावला (174), लखनऊसुपर जायंट्स के अमित मिश्रा (172) और रॉयल्स के रविचंद्रन अश्विन (171) आईपीएल में शीर्ष पांच विकेट लेने वालों में क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर काबिज हैं। मुंबई इंडियन्स के साथ 2011 में अपना आईपीएल करियर शुरू करने वाले चहल ने 2014 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का दामन थामा था, जहां उनके करियर ने ऊंची उड़ान भरी। आठ साल तक आरसीबी का हिस्सा रहने के बाद चहल 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बन गये थे।

# एएफसी एशियाई कप के ग्रुप बी में भारत



दोहा ,। भारत को कटारा ओपेरा हाउस में आयोजित एएफसी एशियाई कप 2023 के ड्रॉ में ग्रुप बी में जगह दी गयी। भारत को ग्रुप में चौथा स्थान (बी4) मिला है। ऑस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है।

भारत ने पहली बार एशियाई कप के लगातार दो संस्करणों के लिये क्वॉलीफाई किया है। एशियाई कप के क्वॉलीफायर टूर्नामेंट में फिलीपींस के फिलिस्तीन से हारने के बाद भारत ने हांगकांग के खिलाफ अपने आखिरी क्वॉलीफाइंग मैच से पहले ही मुख्य टूर्नामेंट में जगह बना ली थी।

ड्रॉ के दौरान अंतरराष्ट्रीय रेफरी योशिमी यामाशिता, पूर्व फुटबॉलर टिम काहिल, हसन अल हयदोस, पार्क जी–सुंग, सर्वर जेपरोव, सन वेन और भारतीय महिला टीम की कोच मेमोल रॉकी मौजूद रहीं।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच ग्राहम अनील्ड ने ड्रॉ के बाद कहा, फुटबॉल के मामले में एशिया एक लंबा सफर तय कर चुका है। हमने इससे पहले उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेला है और हम यहां फिर से उनके खिलाफ खेलना चाहते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने फीफा विश्व कप से पहले भी कतर में काफी समय बिताया है और इंटर–कॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में पेरू पर पेनल्टी–शूटआउट जीत के साथ एशियाई कप में अपनी जगह पक्की की है।

अनील्ड ने कहा, यह (कतर) पिछले कुछ वर्षों से ऑस्ट्रेलिया के लिए घर से दूर एक घर रहा है और हम एशियाई कप जीतना चाहते हैं।

यह एएफसी एशियाई कप में भारत की पांचवीं उपस्थिति होगी। इससे पहले भारतीय टीम 1964, 1984, 2011 और 2019 में महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भाग ले चुकी है। वह 1964 में उपविजेता भी रहा था।

भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने ड्रॉ से पहले कहा था, ड्रॉ से पहले बड़ी उम्मीद है। प्रतियोगिता में अभी भी कुछ समय बाकी है, और मैं कहूंगा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि हम तैयारी के लिए समय का उपयोग करें बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के कि हमारे विरोधी कौन होंगे।

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में हमारी टीम और उनके द्वारा किये गये काम पर विश्वास करता हूं और कतर में विशाल भारतीय प्रशंसक के समर्थन से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे।

# लखनऊ करेगा द्वितीय राष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप की मेजबानी



लखनऊ] नवाबों का शहर लखनऊदक्षिण कोरिया की परंपरागत मार्शल आर्ट हैपकिडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। यहां द्वितीय राष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप–2023 का आयोजन 20 से 22 मई 2023 तक होगा। इस चैंपियशिप के सुचारु आयोजन के लिए गठित आयोजन समिति की केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में आयोजन को लेकर रुपरेखा तैयार की गई।चैंपियनशिप की आयोजन समिति के चेयरमैन श्री सुधीर गर्ग (वरिष्ठ आईएएस) बनाए गए है। लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व जेबीआर होटल्स के चेयरमैन विवेक सिंह को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। आयोजन सचिव हैपकिडो एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष डा.आनन्देश्वर पाण्डेय होंगे। इसके अलावा विनय कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

हैपकिडो एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैपकिडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जाने वाली इस चैंपियनशिप के मुकाबले आगामी 20 से 22 मई 2023 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित किए जाएंगे। चैंपियनशिप में विभिन्न प्रदेशों के करीब 200 खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

# चहल, जायसवाल ने लिखी रॉयल्स के वर्चस्व की कहानी



कोलकाता । अनुभवी लेग–स्पिनर युज़वेंद्र चहल (25/4) की घातक गेंदबाजी के बाद युवा प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (98 नाबाद) के तूफानी अर्द्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मुकाबले में केकेआर को नौ विकेट से रौंद दिया।

केकेआर वेंकटेश अय्यर (42 गेंद, 57 रन) के जुझारू अर्द्धशतक की मदद से रॉयल्स के सामने 150 रन का लक्ष्य ही रख सकी। जायसवाल अपने दूसरे आईपीएल शतक तक नहीं पहुंच सके, लेकिन उन्होंने कप्तान संजू सैमसन (48 नाबाद) के साथ मिलकर रॉयल्स को 13.1 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

जायसवाल ने अपनी आतिशी बल्लेबाज़ी से ईडन गार्डन को रौशन करते हुए 47 गेंद पर 13 चौकों और पांच छक्कों के साथ नाबाद 98 रन बनाये, जबकि सैमसन ने 29 गेंद पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 48 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले चहल ने आईपीएल में सर्वाधिक विकेट चटकाने का रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिये। उन्होंने आईपीएल के 143 मैचों में कुल 187 विकेट चटकाकर चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो (183) को पीछे छोड़ दिया है। रॉयल्स इस जीत के बाद 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि सातवें स्थान पर मौजूद केकेआर 12 मैचों में सातवीं हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है।

रॉयल्स के सामने 150 रन का मामूली लक्ष्य रखने के बाद केकेआर को ईडन की धीमी पिच से मदद की उम्मीद थी। कप्तान नीतीश राणा ने अपनी ऑफ–स्पिन के साथ केकेआर की गेंदबाजी की शुरुआत की, हालांकि यह पैंतरा उनपर उल्टा पड़ गया। जायसवाल ने नीतीश के इस ओवर में 26 रन जोडक़र विकेट पर अपने पांव जमा लिये। अगले ओवर में जॉस बटलर भले ही रनआउट हो गये, लेकिन जायसवाल की आंधी ने केकेआर को बेबस कर दिया।

इस युवा बल्लेबाज ने 13 गेंदों में आईपीएल का सबसे तेज अर्द्धशतक पूरा करते हुए रॉयल्स को पावरप्ले में 78 रन तक पहुंचाया। अच्छी शुरुआत के बाद सैमसन ने भी गति पकड़ ली और 11वें ओवर में तीन छक्के जड़ डाले। रॉयल्स को जब जीत के लिये तीन रन की जरूरत थी तब जायसवाल 94 रन पर खेल रहे थे। सैमसन ने 13वें ओवर की आखिरी गेंद डॉट खेलकर जायसवाल को शतक पूरा करने का मौका दिया, हालांकि जायसवाल ने शतक की परवाह किये बिना 14वें ओवर की पहली ही गेंद पर चौका जडक़र रॉयल्स की जीत पर मुहर लगायी।

इससे पूर्व, रॉयल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और बोल्ट ने केकेआर के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पावरप्ले के अंदर पवेलियन भेज दिया। जेसन रॉय आठ गेंद पर 10 रन बनाकर शिमरन हेटमायर को कैच दे बैठे। रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने एक चौका और दो छक्कों के साथ आक्रामकता की झलक दिखाई,

## फिल्मी सफर

# जाह्नवी कपूर ने किया अपनी नई फिल्म उलझ का ऐलान, जल्द शुरू होगी शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया है। अब उनकी एक और नई फिल्म का एलान हो चुका है। जल्द ही वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया द्वारा अभिनीत उलझ में नजर आएंगी। फिल्म के मेकर्स ने आज बुधवार को यह घोषणा की है कि जान्हवी थ्रिलर फिल्म उलझ में अभिनय करेंगी। जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित फिल्म में जान्हवी के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं।

मेकर्स ने पोस्ट साझा करते हुए फिल्म और स्टार कास्ट की जानकारी दी है। फिल्म में राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म देशभक्ति पर आधारित होगी और इसकी शूटिंग इस महीने के आखिर में शुरू होगी। फिल्म में जान्हवी एक इंडियन फॉरेन सर्विस की ऑफिसर बनेंगी।

फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी कपूर ने कहा कि जब मुझे उलझ की स्क्रिप्ट के साथ अप्रोच किया गया तो इसने मुझे तुरंत आकर्षित कर लिया। एक एक्ट्रेस के रूप में मैं लगातार ऐसी स्क्रिप्ट्स की तलाश में रहती हूं, जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर करे और कुछ अलग करने का मौका मिले।

फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा कि जैसा कि फिल्म के नाम से पता चलता है कि मेरे किरदार और कहानी में बहुत सारी परतें, भावनाएं और पैरामीटर हैं, जो चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है। सुधांशु द्वारा परिकल्पित इस नई भूमिका में दर्शक मुझे देखकर रोमांचित हैं, जिनके पास इस शैली को समझने के लिए एक नया दृष्टिकोण है। मैं इस तरह के प्रतिभाशाली सह–अभिनेताओं और जंगली पिक्चर्स जैसे डेवलपमेंट स्टूडियो के साथ पहली बार काम करने के लिए उत्सुक हूं।

## भारत में हॉरर–थ्रिलर जॉनर के साथ न्याय नही हुआ है : गुल पनाग

हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग शॉर्ट फिल्म द हॉन्टिंग में अपने काम के लिए सराहना बटोर रहीं एक्ट्रेस गुल पनाग का मानना है कि भारत में हॉरर जॉनर को अभी अपनी वास्तविक क्षमता तक पहुंचना बाकी है। एक्ट्रेसक ने शॉर्ट फिल्म में एक मनोचिकित्सक की भूमिका निभाई है, जिसमें एरिका फर्नाडीस और प्रकृति मिश्रा भी हैं। हॉरर शॉर्ट फिल्म मौसमी नाम की एक लडक़ी के इर्द–गिर्द घूमती है, जिस पर भूतों का साया है और उस पर अपने सबसे करीबी दोस्त की हत्या का आरोप है। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित बताई जा रही है और इसका निर्देशन तनवीर बुकवाला ने किया है। हॉरर जॉनर पर अपने विचार साझा करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, हॉरर–थ्रिलर जॉनर पर मेरे दो विचार हैं, पहला अभिनेता के रूप में और दूसरा एक दर्शक के रूप में। एक अभिनेता के रूप में मेरा विचार है कि हमने भारत में हॉरर–थ्रिलर जॉनर के साथ न्याय नहीं किया है। हमने एक ही तरह का हॉरर–थ्रिलर जॉनर किया है। जबकि इसका दायरा काफी बड़ा है। उन्होंने कोरियाई और जापानी हॉरर के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोर डाला, जिसने पूरी दुनिया में मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा, देखिए बाकी दुनिया क्या कर रही है। कोरियाई अपनी हॉरर जॉनर के साथ क्या कर रहे हैं।

# खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में नजर आएंगी डेजी शाह



बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह स्टंट–बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और वह फिल्ममेकर–होस्ट रोहित शेट्टी के गाइडेंस में स्टंट करने के लिए एक्साइटिड हैं।वह शो क्यों करना चाहती थी? इसके जवाब में डेजी ने आईएएनएस को बताया, (मैं) अपनी ताकत, धैर्य और सीमाओं को परखने की कोशिश कर रही हूं।2018 में सलमान खान अभिनीत रेस 3 में आखिरी बार देखी गई डेजी ने कहा, जाहिर तौर पर स्टंट करने में नर्वस हूं। क्योंकि अगर मैं नहीं हूं तो मैं ओवर कॉन्फिडेंट हूं इसलिए ऐसा नहीं होने वाला है।रोहित शेट्टी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के उत्साह के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहाः हां, मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि मैं रोहित (शेट्टी) सर को सबसे लंबे समय से जानती हूं।

उन्होंने कहाः मैं उनसे मिलने और उनके साथ जुडऩे का इंतजार नहीं कर सकती।

बहुत सारी चीजें हैं, जिसके बारे में हम बात कर सकते हैं। साथ ही, उनके मार्गदर्शन में स्टंट करने के लिए उत्सुक हैं। रोहित सर प्रेरक है और वह स्टंट को ज्यादा आगे बढ़ाते हैं।कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की सहायक के रूप में काम कर चुकीं डेजी बड़े पर्दे से दूर क्यों हैं?पहला कारण कोविड है और दूसरा कारण यह है कि मैंने दो प्रोजेक्ट्स की शूटिंग पूरी कर ली है।

# विजय देवरकोंडा के फिल्म वीडी12 का नया पोस्टर जारी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

अभिनेता विजय देवरकोंडा आजकल अपनी आने वाली फिल्म कुशी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसमें वह साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा कुछ समय पहले विजय ने अपनी फिल्म वीडी12 का ऐलान किया था। हालांकि, अभी इसके शीर्षक की घोषणा होना बाकी है। निर्माताओं ने विजय के खास मौके पर वीडी12 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसका निर्देशन गौतम तिन्ननुरी कर रहे हैं।

गौतम ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म वीडी12 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं विजय। आप दुनिया में सभी सफलता और प्यार के पात्र हैं। कुशी के ब्लॉकबस्टर होने की कामना और हम दौड़ जारी रखते हैं। इस फिल्म की शूटिंग जून, 2023 में शुरू होने वाली है। वीडी12 का निर्माण नागा वामसी एस और साई सौजन्य द्वारा किया जा रहा है।

वहीं कुशी के निर्माताओं ने विजय के 34वां जन्मदिन के खास मौके पर पहला गाना ना रोजा नुव्वे भी जारी कर दिया, जिसमें विजय अभिनेत्री सामंथा के साथ बेहद रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया है।

निर्माताओं ने सामंथा–विजय की तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक प्यारी धुन। कुशी का पहला गाना रिलीज। जन्मदिन की शुभकामनाएं विजय देवरकोंडा। कुशी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म हिंदी सहित तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। कुशी 1 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुछ दिन पहले नए पोस्टर के साथ इसकी रिलीज तारीख का ऐलान हुआ था।

# अर्जुन रामपाल तेलुगु डेब्यू के लिए तैयार, नंदामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म में निभाएंगे अहम भूमिका



अर्जुन रामपाल बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में सूची में शुमार हैं। बॉलीवुड में नाम कमाने के बाद अर्जुन तेलुगु सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। वह जल्द नंदामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि, अभी इसके शीर्षक का ऐलान नहीं हुआ है। अर्जुन हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग के लिए अन्य कलाकारों के साथ शामिल हो गए हैं। साहू गरापति और हरीश पेड्डी द्वारा निर्मित यह फिल्म इसी साल दशहरे पर रिलीज होगी।

नंदामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म में अर्जुन के साथ बालकृष्ण और अनिल रविपुडी भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके साथ निर्माताओं ने बुधवार को अर्जुन का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, टीम एनबीके108 प्रतिभाशाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता अर्जुन रामपाल का उनके तेलुगू डेब्यू में विरोधी के रूप में स्वागत करती है। एनबीके108 की टीम ने अर्जुन का एक वीडियो भी साझा किया है, जिसे देख अभिनेता के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं।

फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा करते हुए, अभिनेता अर्जुन रामपाल ने ट्वीट किया, "मुझे लेने के लिए धन्यवाद। अत्यधिक उत्तेजित। यह बहुत मजेदार होने वाला है

अर्जुन रामपाल ने एक मजेदार वीडियो भी शेयर किया, जिसका कैप्शन उन्होंने लिखा, सिम्हा मुंधु कंडू, बांसुरी बजाने से शेर नहीं डरता। टीम द्वारा जारी किए गए वीडियो में, अभिनेता को बालकृष्ण के डायलॉग बोलते हुए देखा जा सकता है। फिल्म में काजल अग्रवाल और श्रीलीला भी हैं। शाइन स्क्रीन के बैनर तले साहू गरपति और हरीश पेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com